हरिभूमि
# रायपुर भूमि





- लोगों का फूटा गुस्सा, महिलाएं, युवा सड़क पर उतरे, नेशनल हाईवे किया जाम
- प्रोफेसर कालोनी में रतजगा, चूल्हा नहीं जला, महापौर, निगम आयुक्त, जोन कमिश्नर पहुंचे
- अनुपम गार्डन से डगनिया रोड में जलभराव, अवनिविहार, शंकरनगर सेक्टर 2, जगन्नाथ नगर में भरा पानी

# खत्म नहीं हुआ दशकों का दर्द, भारी बारिश से घरों में घुसी गंदगी, कई कालोनियों में रतजगा, लोगों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में शुक्रवार देर रात भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। न सिर्फ रिहाइशी बस्तियां, बल्कि कालोनियों के घरों में नाली-नाले का बदबूदार गंदा पानी घुस गया। बाहरी इलाकों की कई जगहों की सड़कें डूबीं। पानी निकासी नहीं होने से लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोग सड़क पर निकल आए और नेशनल हाईवे जाम कर जमकर विरोध जताया। जाम की शिकायत मिलने पर पुलिस के अधिकारी पहुंचे और समझाइश देकर जाम खुलवाया। इस दौरान एनएच के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रहीं। प्रोफेसर कालोनी, कुशालपुर, कुकरी पारा, परशुरामनगर के घरों में नाले-नालियों का पानी घुसने से भुक्तभोगियों को रतजगा करने की नौबत आई। कई घरों में चूल्हे नहीं जले। प्रभावित घरों में वार्ड पार्षद और निगम प्रशासन की ओर से भोजन के पैकेट भेजकर लोगों की भूख मिटाने की वैकल्पिक व्यवस्था की गई। शुक्रवार को रात 10 बजे शुरू हुई बारिश रातभर जारी रही। मूसलाधार बारिश से सड़कें-गलियां लबालब हो गयीं। घरों में पानी घुस गया। ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार



### 19 साल में पहली बार घुसा घर में गंदा पानी जहरीले जीव भी

मलसाय तालाब के पास प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 3 रोड नंबर 17 में रहने वाले नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष और भाजपा शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के मकान में ढाई फीट तक पानी भर गया। श्री ठाकुर का कहना है 19 साल में यह पहला मौका आया, जब उनके घर में ढाई फीट तक गंदा पानी सुबह से उन्होंने भरा हुआ देखा। साथ में जहरीला जीव भी तैरता दिखा। श्री ठाकुर ने कहा कि निगम की जल निकासी व्यवस्था इतनी लचर रही कि किराये के पंप लगाकर घर से गंदा पानी निकालने मशक्कत करनी पड़ी।

**अनुपम गार्डन से डगनिया रोड लबालब, नाले का पानी ओवरफ्लो :** अनुपम गार्डन टर्निंग पाइंट से डगनिया रोड तक नाले का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़क पर घंटों भरा रहा। कीचड़ और बदबू से होकर लोगों को अपने गंतव्य तक जाना पड़ा। तेज पानी की धार में सामान बह गया। कुछ दोपहिया चालक की गाड़ी के इंजन में बारिश का पानी भर जाने से खींचते हुए ले जाने की नौबत आई।

**समता कालोनी मेन रोड लबालब, पोद्दार पारा के रहवासी रातभर परेशान :** समता कालोनी मुख्य मार्ग शुक्रवार रात लबालब भर गया, सड़क से गलियों और घरों तक पानी भरने की शिकायत लोगों ने की। इधर गणेश मंदिर से आमापारा बाजार वाले मार्ग में जलभराव की स्थिति रही। शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के उछला तालाब पोद्दार पारा में जलभराव से परेशान लोगों को रतजगा करना पड़ा।


### जलभराव क्षेत्रों का जायजा लेने निकले महापौर, आयुक्त, निगम अधिकारी

लगातार बारिश से जलभराव का निरीक्षण करने शनिवार को महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप के साथ जोन 5 और जोन 6 के अधिकारी कुकरी पारा प्रोफेसर कालोनी, परशुराम नगर सहित प्रभावित इलाकों में गये। लोगों से उन्होंने बातचीत की और उनकी परेशानी से अवगत हुए। इस दौरान प्रभावित घरों में जाकर जलभराव की समस्या दूर करने जोन के अधिकारियों को तत्काल



टूल्लू पंप लगाकर घरों से पानी बाहर करवाने और प्रभावित परिवार जनों को लंच पैकेट उपलब्ध करवाने निर्देश दिए। जलभराव का जायजा लेने महापौर और निगम कमिश्नर के साथ जोन 5 के कमिश्नर छीरसागर नायक, जोन 6 कमिश्नर हितेंद्र यादव उपस्थित रहे। स्थल निरीक्षण में वामनराव लाखे वार्ड पार्षद बब्बी सोनकर, जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, महामाया मंदिर वार्ड पार्षद जयश्री नायक शामिल रहे।

### घर में पानी भरा तो अंतिम संस्कार की रस्म में दिक्कत शव दूसरी जगह रखवाना पड़ा




राजधानी रायपुर के कुशालपुर क्षेत्र में तरुण नगर में लगातार बारिश के कारण शनिवार को बाढ़ के हालात रहे। पानी का भराव इतना ज्यादा रहा कि कई घरों में भी पानी घुस गया है। इन घरों में एक ऐसा भी घर था, जहां एक महिला की सुबह मृत्यु होने पर उसके परिवार वाले शव की अंतिम यात्रा की रस्म भी अपने घर में पूरी नहीं कर पाए। इस दुख की घड़ी में एक पड़ोसी ने फर्ज और इंसानियत दिखाते हुए अपने खाली पड़े गोदाम में शव को न केवल रखने की अनुमति दी, बल्कि अंतिम यात्रा की सारी रस्में भी यहीं निभाई गईं। जानकारी के अनुसार लगातार बारिश होने से तरुण नगर में सुबह बाढ़ की स्थिति बन गई थी। इस कारण इस ▶▶|शेष पेज 13 पर

#### दो घंटे विलंब से निकली अंतिम यात्रा

मोहल्ले में बाढ़ के हालात के कारण शव की अंतिम यात्रा निकालने में भी परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी का भराव कम होने के बाद अंतिम यात्रा निकाली गई। इस तरह बाढ़ के कारण करीब दो घंटे विलंब से शव को मुक्तिधाम ले जाकर अंतिम संस्कार किया गया।



**खाना कैसे बनाएं...** कुशालपुर





**सामान बचाने की जुगत** कुशालपुर





**तालाब का कचरा गली में** शिवाजी नगर






# रनवे लबालब, दिल्ली-बिलासपुर फ्लाइट रायपुर एयरपोर्ट पर लैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- यात्रियों को अपने खर्च पर जाना पड़ा बिलासपुर

शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात हुई भारी बारिश की वजह से बिलासपुर विमानतल के रनवे में पानी भरने से दिल्ली से आने वाली फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो पाई और उसे रायपुर डायवर्ट कर दिया गया। दोपहर 12 बजे फ्लाइट यात्रियों को यहां छोड़कर वापस रवाना हो गई और यात्रियों को बिलासपुर तक अपने खर्च पर जाना पड़ा।

जानकारी के अनुसार अलायंस एयर की फ्लाइट सुबह दिल्ली से रवाना होकर व्हाया जबलपुर होते हुए 11.10 बजे बिलासपुर आती है। बताया जाता है कि पिछली रात हुई बारिश की वजह से बिलासपुर के रनवे पर पानी भर गया था, जिसकी वजह फ्लाइट को वहां उतरने की अनुमति नहीं दी गई। पायलट एयरक्रॉफ्ट लेकर रायपुर पहुंचा और उसमें सवार 40 से ज्यादा यात्रियों को छोड़कर वापस रवाना हो गया। फ्लाइट से उतरे यात्री अपनी व्यवस्था के तहत बिलासपुर पहुंचे और वहां फ्लाइट का इंतजार कर रहे यात्रियों को निराश होकर अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी।

# एनएमसी रिश्वतखोरी के आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- दो का जमानत आवेदन पहले ही खारिज हो चुका
- सीट बढ़ाने 55 लाख रुपए रिश्वत लेने का आरोप

रावतपुरा मेडिकल कालेज में सीट बढ़ाने 55 लाख रिश्वत लेकर ओके रिपोर्ट देने के मामले में सीबीआई की स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को जेल में बंद चार आरोपियों का जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। दो लोगों की जमानत याचिका पहले ही खारिज हो चुकी है। बचाव पक्ष के वकील ने जमानत आवेदन पेश करते हुए आरोपियों के दूसरे स्टेट के होने तथा सीबीआई जांच में सहयोग की बात का उल्लेख करते हुए जमानत आवेदन पेश किया था। रिश्वत मामले में ▶▶|शेष पेज 13 पर

### यह है पूरा मामला

रावतपुरा मेडिकल कालेज का निरीक्षण करने पहुंची एनएमसी की चार सदस्यी टीम 30 जून को रायपुर आई थी। आरोप है कि निरीक्षण टीम के साथ रावतपुरा मेडिकल कालेज के डायरेक्टर ने षड़यंत्र कर सीट बढ़ाने रिश्वत की पेशकश की थी। इसके बाद निरीक्षण टीम के सदस्यों के पास हवाला रैकेट के माध्यम से निरीक्षण टीम के सदस्यों के पास 55 लाख रुपए पहुंचाए गए।




माननीय
राजू भाई तारवानी जी
को ग्रामीण कृषि साख सहकारी समिति केन्द्री पं.क्र. 495 के
प्राधिकृत अधिकारी
नियुक्त किये जाने पर हार्दिक बधाई एवं
शपथ ग्रहण समारोह
दिनांक : 27 जुलाई 2025, समय : 12:00 बजे
स्थान : सोसायटी परिसर केन्द्री
में पधार रहे समस्त अतिथियों का हार्दिक
स्वागत
वंदन
अभिनंदन
श्री नेतराम साहू
सरपंच - ग्राम पंचायत केन्द्री
संतराम साहू
सभापति - संचार एवं संकर्म विभाग
जनपद पंचायत अभनपुर
श्रीमती हेमा तुलाराम पंडेल
सरपंच - ग्राम पंचायत उपरवारा
श्री राजू भाई तारवानी
अध्यक्ष
कृषि साख समिति केन्द्री
शोभराज दावड़ा
पूर्व सरपंच
2010 उरला अभनपुर
विनीत : ग्रामीण कृषि साख सहकारी समिति केन्द्री पं.क्र. 495

## रायपुर की कार्यकारिणी का ऐलान भी अगले माह होगा

# भाजपा के सभी जिलों की कार्यकारिणी अगले माह तक होगी पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में अब जाकर करीब पांच माह बाद जिलों की कार्यकारिणी आकार लेने लगी है। सबसे पहले मनेंद्रगढ़-चिरमिरी की जिला कार्यकारिणी का ऐलान किया गया है। इसके बाद गौरेला पेंड्रा मरवाही की कार्यकारिणी की घोषणा की गई। आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों की कार्यकारिणी का भी एक के बाद एक ऐलान होगा। रायपुर जिले की कार्यकारिणी का ऐलान जहां अगले माह होगा, वहीं प्रदेश के सभी जिलों की कार्यकारिणी हर हाल में अगले माह पूरी हो जाएगी। इसके बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी तय होगी। वैसे भी प्रदेश की कार्यकारिणी से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा, इसके बाद प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। इसके लिए



अभी लंबा इंतजार करना होगा। प्रदेश कार्यकारिणी का ऐलान अगस्त के अंत में या फिर सितंबर में ही हो सकेगा। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

### लगातार घोषित होगी जिलों की कार्यकारिणी

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया। कई बार डेडलाइन तय करने के बाद अब जाकर जुलाई में सभी मंडलों की कार्यकारिणी बनी है। अब जिलों की कार्यकारिणी बनाने की कवायद प्रारंभ की गई है। अब तक दो जिलों की कार्यकारिणी का ऐलान हो चुका है। एक करके जिलों की कार्यकारिणी का लगातार ऐलान होगा। जिलों की कार्यकारिणी बनाने के बाद उसको अनुमोदन करने के लिए प्रदेश संगठन के पास भेजा जाएगा, वहां से मंजूरी मिलने पर इसका ऐलान होगा।

---

## खबर संक्षेप



### नेपाली समाज ने विधायक मूणत से की मुलाकात

**रायपुर।** पशुपतिनाथ नेपाली सेवा समिति के पदाधिकारियों ने शनिवार को पूर्व मंत्री व विधायक राजेश मूणत से मुलाकात की। इस दौरान नेपाली समाज ने विधायक से पशुपतिनाथ मंदिर के लिए जमीन की मांग की, जिस पर विधायक श्री मूणत ने भरोसा दिलाया और उचित मार्गदर्शन भी किया। इस मौके पर समिति की अध्यक्ष कृष्णा बहादुर क्षेत्री व उपाध्यक्ष सुक बहादुर सिंह ने बताया कि पशुपतिनाथ मंदिर, काठमांडू शहर के पूर्वी बाहरी इलाके में, बागमती नदी के किनारे काठमांडू घाटी में स्थित एक पूजा स्थल है, जो नेपाल का सबसे पवित्र स्थल है। यह हिंदू देवता शिवजी को समर्पित है, जो पशुओं के रक्षक, पशुपति के रूप में हैं। मुलाकात के करने वालों में वंदना सिंह, रेनू क्षेत्री, सविता क्षेत्री, नेहा थापा, सवित्री थापा, हरिप्रसाद शर्मा, रामप्रसाद, संजय थापा, तुलसी क्षेत्री सहित समिति के सदस्य शामिल थे।

### कार्ययोजना बनाकर चला रहे अभियान, 4106 ग्राम पंचायत हो चुकी टीबी मुक्त

**रायपुर।** टीबी मुक्त भारत के तहत चलाए जा रहे अभियान के तहत राज्य की 4106 ग्राम पंचायतें अब तक टीबी मुक्त हो चुकी हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग व्यापक कार्ययोजना बनाकर काम कर रहा है। पिछले दिनों निक्षय निरामय योजना के तहत 100 दिन के अभियान में 36 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश में 7 दिसंबर 2024 को निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ का 100 दिवसीय अभियान शुरू किया गया था।

### भूपेश के बयान पर अमित की सलाह- पूर्वजों की स्मृति को राजनीतिक विवादों से दूर रखें

**रायपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान पर जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, मेरे पिता स्व. अजीत जोगी और स्व. नंदकुमार बघेल दोनों ही अब हमारे बीच नहीं हैं। उनके बारे में राजनीतिक



बयानबाजी करना अनुचित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्व. नंदकुमार बघेल के मामले में तत्कालीन जोगी सरकार का निर्णय सामाजिक समरसता और मंत्रिमंडल की सहमति पर आधारित था। स्वयं भूपेश बघेल भी मंत्रिमंडल के हिस्सा थे। उल्लेखनीय है कि श्री बघेल ने अपने परिवार के सदस्यों को जेल भेजने को सरकारों के पतन से जोड़ा था। श्री जोगी ने याद दिलाया कि भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्रित्व काल में भी उनके पिता स्व. नंदकुमार बघेल को जेल हुई थी, जिस पर उन्होंने कभी कोई सवाल नहीं उठाया।

### गोंदवारा से महादेवघाट तक आज निकलेगी कांवड़ यात्रा

**रायपुर।** श्री गोदेश्वर महादेव परिवार की ओर से भी भव्य कांवड़ यात्रा का आयोजन 27 जुलाई को सुबह 9 बजे से किया गया है। कांवड़ यात्रा सुबह शीतला माता मंदिर गोंदवारा से शुरू होकर हाटकेश्वर महादेव मंदिर तक जाएगी। इस कांवड़ यात्रा में गोंदवारा व बसंत विहार कॉलोनी की महिलाओं और युवाओं की भागीदारी विशेष रूप रहेगी। भव्य कार्यक्रम का प्रबंधन श्री गोदेश्वर महादेव परिवार के पूरन साहू और उनकी पूरी टीम के द्वारा संचालित किया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं के लिए महादेवघाट में जल चढ़ाने के पश्चात महाप्रसादी की व्यवस्था भी की गई है।

---

## पशु सखी से लेकर जिला पंचायत सीईओ सहित उनके परिजनों ने भी कराई स्वास्थ्य जांच

# प्रोजेक्ट छांव की शुरुआत, मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य जांच शिविर का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में शनिवार को प्रोजेक्ट छांव के तहत स्वास्थ्य कैंप लगाया गया। इस कैंप में स्टेडियम के मध्य में पंजीयन करने वालों की कतार लगी हुए थी। उसके बगल में चिकित्सिक परामर्श हुआ, जिसमें बीपी, शुगर सहित अन्य परीक्षण हुए। स्टेडियम के चारों किनारों में विभिन अस्पतालों के विशेषज्ञ बैठे हुए थे, जिन्होंने अधिकारी-कर्मचारियों के साथ उनके परिवार के अन्य सदस्यों की भी स्वास्थ्य जांच की। इस कैंप में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य सचिव अमिताभ जैन शामिल हुए। इस कैंप का अवलोकन कर उन्होंने प्रोजेक्ट छांव की सराहना की।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन रायपुर ने प्रोजेक्ट छांव की शुरुआत की है। इसके तहत इंडोर स्टेडियम में जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित उनके परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य जांच के लिए कैंप लगाया। इस कैंप में पशु सखी, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, जनपद सीईओ, जिला पंचायत सीईओ सहित इन विभागों के करीब 1279 अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिजनों ने स्वास्थ्य जांच करवाई।



### बहुत अच्छी पहल- अमिताभ जैन

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने इस कैंप में अधिकारी-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासकीय अधिकारी कर्मचारियों के लिए प्रोजेक्ट छांव के तहत स्वास्थ्य परीक्षण कराया जा रहा है। यह ऐसा अवसर है, जहां सब मिलकर इस समस्या का निराकरण करते हैं। उनका और उनके परिजनों की देखरेख की जा रही है। उन्होंने अपील की कि सभी अधिकारी-कर्मचारियों अपना परीक्षण करवाएं और अपने परिवार का ख्याल रखें। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने सभी हेल्थ काउंटरों, बालको मेडिकल सेंटर की मोबाइल कैंसर डिटेक्शन वैन का भ्रमण कर जानकारी ली।

### प्रशासन कर्मचारियों के लिए छांव की तरह कर रहा काम-सिंह

*कलेक्टर गौरव सिंह ने कहा की जिला प्रशासन कर्मचारियों के लिए छांव की तरह काम कर रहा है। उन्होंने कहा की हमारे अधिकारी और कर्मचारी शासन के योजनाओं के क्रियान्वन के लिए कार्य करते है, जिससे वे अपना और अपने परिजनों का ध्यान नहीं रख पाते। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि शासकीय अधिकारी-कर्मचारी और उनके परिजनों का ख्याल रखा जाए।*

### कैंप में स्वास्थ्य संबंधी जांच के लिए ये रही सुविधाएं

इस कैंप में विशेष रूप से मैमोग्राफी, सोनोग्राफी, टीबी जांच, बोन डेंसिटी चेक, ईसीजी, इको, ब्लड टेस्ट किया गया। महिलाओं के लिए मैमोग्राफी जांच, सोनोग्राफी, इको हार्ट की सोनोग्राफी, ब्लड सैंपल, आरएफटी, एलएफटी, विटामिन डी3, बी12, एचबीए1, सुगर रेंडम सहित अन्य जांच की गई। इसी प्रकार ओपीडी में शिशु रोग, दंत रोग, नेत्र रोग, कैंसर रोग, मेडिसिन, किडनी रोग, न्यूरोलॉजी, मेंटल हेल्थ, गैस्ट्रोलॉजी, स्त्री रोग, कार्डियोलॉजी, जनरल एंड लेमोस्कोपी सर्जरी परामर्श, बीएमडी टेस्ट, अस्थि रोग, सहित अन्य विभाग के परामर्श दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पंचायत विभाग के सचिव डॉ भीम सिंह, डीआरएम रेलवे दयानंद, मनरेगा आयुक्त तारण प्रकाश सिन्हा, एसआरएलएम एवं एमबीएम की एमडी जयश्री जैन, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन, सीएमएचओ डॉ मिथिलेश चौधरी और बालको हॉस्पिटल कि डॉ. भावना सिरोही सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## पुरंदर मिश्रा ने कहा-

# दिल्ली में पप्पू, छत्तीसगढ़ में बिट्टू परिवार तक सिमटी कांग्रेस

### जनता के मुद्दों से कांग्रेस को कोई लेना-देना नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के विधायक पुरंदर मिश्रा ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच कार्रवाई और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे की गिरफ्तारी के मद्देनजर आहूत कांग्रेस के आर्थिक नाकाबंदी आंदोलन के बाद कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट के प्रदेश दौरे को लेकर कहा, दिल्ली में पप्पू और छत्तीसगढ़ में बिट्टू, कांग्रेस की राजनीति परिवार तक सिमट कर रह गई है।



श्री मिश्रा ने कहा, देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस के वैचारिक दीवालिएपन का इससे बड़ा उदाहरण और क्या हो सकता है कि कांग्रेस का आर्थिक नाकाबंदी आंदोलन न देश, न प्रदेश और न ही जनता के हित से जुड़े मुद्दों को लेकर हुआ, बल्कि शराब घोटाले से अर्जित 16.70 करोड़ रुपए रियल एस्टेट में निवेश करने और कुल 1,000 करोड़ रुपए की हेराफेरी करने के मामले में गिरफ्तार भूपेश बघेल के उस बेटे के बचाव में किया गया, जो कांग्रेस का पदाधिकारी तक नहीं है। यह बड़ी विडम्बना ही है कि 140 साल पुरानी पार्टी का अब यह दायित्व हो गया है कि पार्टी को छोड़कर अब घर-परिवार की चिंता कर रहे हैं। श्री मिश्रा ने कांग्रेस नेताओं को नसीहत दी कि यह जो आर्थिक नाकाबंदी के नाम पर सियासी ड्रामा किया गया, अगर यदि कांग्रेस के नेता अपने घरों में आर्थिक नाकाबंदी कर लेते, तो यह समस्या आती ही नहीं।

इस नाकाबंदी से साबित हो गया कि पूरी कांग्रेस व्यक्ति के प्रति केंद्रित है, जनता के प्रति नहीं। जनता के मुद्दों से कोई कांग्रेस का लेना-देना नहीं है। श्री मिश्रा ने कहा, कांग्रेस ने दैनिक मजदूरी पर मजदूरों को लाकर आर्थिक नाकाबंदी की, लेकिन कुछ मजदूरों को उस दिन का पेमेंट नहीं किया और वे लोग बाद में हल्ला मचा रहे थे। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कम-से-कम उन मजदूरों का तो पेमेंट करवा दें, जिनको उस दिन की मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है।

---

## खरीदी मूल्य से 4-5 गुना अधिक दरों पर आपूर्ति की

# स्वास्थ्य विभाग के सप्लायर पर जीएसटी ने दी दबिश

- खरीदी मूल्य से 4-5 गुना अधिक दरों पर आपूर्ति की
- 4-5 सालों में 48 करोड़ की सप्लाई, खरीदी मात्र 10 करोड़ की




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टोलरेंस की नीति और सरकारी खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के तहत राज्य जीएसटी विभाग ने रायगढ़ स्थित मेसर्स श्याम सर्जिकल पर कार्रवाई की है। यह फर्म छत्तीसगढ़ सहित झारखंड और ओडिशा में भी सरकारी अस्पतालों को सर्जिकल और मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति करती है।

राज्य जीएसटी विभाग की जांच में सामने आया है कि उस व्यवसायी ने स्वास्थ्य विभाग में विगत 4–5 वर्षों में लगभग 48 करोड़ रुपये की आपूर्ति की, जबकि वास्तविक खरीदी केवल 10 करोड़ रुपये की थी। प्रारंभिक जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि व्यवसायी ने खरीदी मूल्य से 4–5 गुना अधिक दरों पर सामग्री की आपूर्ति कर 400 से 500 प्रतिशत तक लाभ कमाया। लाभ को छुपाने और जीएसटी देनदारी से बचने के लिए व्यवसायी ने अपने परिवारजनों के नाम पर तीन अन्य फर्म–राहुल इंटरप्राइजेज, नारायणी हेल्थकेयर और पीआर इंटरप्राइजेस बनाईं तथा आपस में ही खरीदी बिक्री दिखाकर करीब 1 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी की।

### सरकारी आपूर्ति पर विशेष नजर

इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा अधिकारियों को सरकारी आपूर्ति पर विशेष नजर रखने और किसी भी प्रकार की अनियमितता को तुरंत पकड़ने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी के तहत राज्य जीएसटी विभाग की टीम ने यह प्रभावी कार्रवाई की है।

### अनुचित लाभ प्राप्त करने वालों पर सख्त कार्रवाई-साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, राज्य सरकार सरकारी निधि और जन स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। प्रदेश सरकार ने ऐसे सभी आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों को चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था सरकारी व्यवस्था का दुरुपयोग करके अनुचित लाभ अर्जित करने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

# अनुमति की जरूरत नहीं, 100 दिन के भीतर होगा डायवर्सन प्रभावित भूमि मालिक को मिलेगा 42 प्रतिशत विकसित प्लॉट

### नया विहार में अधिग्रहण से प्रभावित भूमि मालिकों को मिलेगा ज्यादा फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नवा रायपुर क्षेत्र में नगर विकास योजना अंतर्गत कौशल्या विहार (कमल विहार) की तर्ज पर प्रस्तावित नया विहार प्रोजेक्ट में प्रभावित भूमि मालिकों को ज्यादा फायदा होगा। एनआरडीए ने इस प्रोजेक्ट में भूमि मालिक को 42 प्रतिशत विकसित प्लॉट देने का प्रावधान रखा है।

इस प्रोजेक्ट में भूमि मालिकों को लैंड यूज बदलवाने एवं डायवर्सन कराने के लिए चक्कर काटना नहीं पड़ेगा, क्योंकि इसकी जरूरत ही नहीं पड़ेगी। प्रभावित क्षेत्र का पहले ही लैंड यूज बदल दिया जाएगा, वहीं डायवर्सन भी 100 दिनों के भीतर उन्हें मिल जाएगा। इस तरह इस प्रोजेक्ट से प्रभावित भूमि मालिकों को विकसित प्लॉट मिलेगा, जो एक स्मार्ट शहर से कम नहीं होगा।



### 6 गांव की भूमि अधिग्रहित की जाएगी

रायपुर और नवा रायपुर के बीच सड़क कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा स्मार्ट सिटी के रूप में गांवों को बसाने के उद्देश्य से लाए जा रहे इस प्रोजेक्ट के लिए नवा रायपुर क्षेत्र के 6 गांव को शामिल किया गया है। इनमें ग्राम बरौंदा, रमचंडी, रीको, मंदिरहसौद, सेरीखेड़ी और नकटी है। ये सभी गांव रायपुर एवं आरंग तहसील क्षेत्र से लगे हुए हैं। इन गांवों की लगभग 436 हेक्टेयर भूमि को अधिग्रहण के लिए चिन्हांकित किया गया है। हालांकि एनआरडीए इस प्रोजेक्ट में एक रुपए भी खर्च नहीं करेगा, क्योंकि इस प्रोजेक्ट को ऐसी कंपनी या बिल्डरों से अनुबंध करेगा जो भूमि अधिग्रहण करने से लेकर इस क्षेत्र को स्मार्ट शहर की तरह विकसित करेगी।

### सड़क, पानी, अंडरग्राउंड बिजली, ड्रेनेज सिस्टम, गॉर्डन, पाथवे सहित अन्य सारी सुविधाएं रहेंगी

कमल विहार की तर्ज पर प्रस्तावित नया विहार प्रोजेक्ट में भी चयनित क्षेत्र में चौड़ी सड़कें, पानी, अंडरग्राउंड बिजली, ड्रेनेज सिस्टम, गॉर्डन, सब स्टेशन सहित अन्य वे सभी सुविधाएं रहेंगी, जो एक स्मार्ट शहर में रहती हैं। इसके अलावा क्षेत्र को हरा-भरा भी किया जाएगा। इसके लिए नवा रायपुर की तर्ज पर सड़क डिवाइवर में पौधे, आकर्षक चौक आदि संबंधित कार्य भी किए जाएंगे।

### सफलता मिलने पर प्रदेश में कई जगहों पर प्रोजेक्ट लाए जाएंगे

प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि नया विहार एक अहम प्रोजेक्ट है। इस प्रोजेक्ट को सफलता मिली, तो प्रदेश में इस तरह के कई प्रोजेक्ट लाए जाएंगे। इन प्रोजेक्ट से ग्रामीण क्षेत्र भी शहर की तरह विकसित होंगे, जिससे उन्हें भी वह सारी सुविधाएं मिलेंगी, जो शहर में रहने वाले लोगों को मिलती हैं।

### ग्रामीणों के लिए फायदेमंद प्रोजेक्ट

नया विहार प्रोजेक्ट ग्रामीणों के लिए फायदेमंद है। कमल विहार की तुलना में यह प्रोजेक्ट कहीं ज्यादा बेहतर साबित होगा। इससे प्रभावित लोगों को 42 प्रतिशत विकसित प्लाट भी मिलेगा।

- संदीप बांगड़े,
एडिशनल डायरेक्टर, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग

---

## जो संतुष्ट नहीं, उनसे 28 जुलाई तक मंगाए गए आवेदन

# युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ी, रायपुर संभाग में थोक में आवेदन इनमें कई शिक्षकों ने की समितियों के विरुद्ध शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में युक्तियुक्तकरण के तहत सभी जिलों में कई शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों को दूसरे शासकीय स्कूलों में विलय करने के साथ उनमें पदस्थ शिक्षक भी दूसरे स्कूल में स्थानांतरित किए गए हैं, लेकिन शिक्षकों के स्थानांतरण में कई गड़बड़ी भी हुई है, जिसे लेकर कई शिक्षक हाईकोर्ट पहुंच गए हैं।

वहीं शासन के निर्देश पर संभाग स्तर पर आवेदन एवं शिकायतों के निराकरण के लिए गठित की गई संभाग स्तर की समितियों के पास आवेदन भी किए जा रहे हैं। रायपुर संभाग की बात करें, तो यहां थोक में आवेदन किए जा चुके हैं, जिनमें ज्यादातर युक्तियुक्तकरण के लिए गठित की गई जिला स्तरीय समितियों के विरुद्ध शिकायतें हैं।



### रायपुर संभाग में अब तक 425 आवेदन

शासन के निर्देश पर रायपुर संभाग में आवेदनों एवं शिकायतों के निराकरण के लिए संभाग आयुक्त महादेव कावरे की अध्यक्षता में निराकरण समिति बनाई गई है। इस समिति के समक्ष प्रभावित शिक्षक जो स्थानांतरण या फिर अन्य किसी कारण से जिला स्तर समिति के निर्णय से संतुष्ट नहीं हैं, उनसे 16 से 28 जुलाई तक आवेदन मंगाए गए हैं। यह सूचना जारी होने के बाद रायपुर संभाग अंतर्गत जिलों से अब तक 425 शिक्षकों ने आवेदन किए हैं, जिनमें ज्यादातर जिला स्तरीय समितियों के निर्णय के विरुद्ध हैं।

### दो दिन शेष, बढ़ सकते हैं आवेदन

निराकरण समिति के पास आवेदन करने के लिए दो दिन और शेष हैं। संभावना जताई जा रही है कि इन दो दिनों में और आवेदन किए जा सकते हैं, जिससे आवेदनों का आंकड़ा करीब पांच सौ पहुंच सकता है।

### परीक्षण में गड़बड़ी मिलने पर सुनवाई

विभागीय सूत्रों के अनुसार युक्तियुक्तकरण में जिला स्तरीय समिति के निर्णय के विरुद्ध आए आवेदनों का पहले परीक्षण किया जाएगा। परीक्षण के दौरान जिन आवेदनों में गड़बड़ी पाई जाएगी, उन मामलों में जरूरत पड़ने पर सुनवाई भी करेंगे, जिसमें आवेदकों को बुलाया जाएगा।

### संभाग के सभी जिलों में युक्तियुक्तकरण के तहत थोक में शिक्षक किए गए स्थानांतरित

युक्तियुक्तकरण के तहत रायपुर संभाग अंतर्गत रायपुर, धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद एवं बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में थोक में स्कूलों को विलय करने के साथ शिक्षक भी थोक में दूसरे स्कूलों में स्थानांतरित किए गए हैं। रायपुर जिले में ही प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी को मिलाकर कुल 389 स्कूलों को दूसरे स्कूलों में विलय किया है। जिन स्कूलों को विलय किया है, उनमें पदस्थ शिक्षकों को भी दूसरे स्कूलों में पदस्थ किया है।

### परीक्षण में सही पाई जाने वाली आपत्ति-शिकायत का करेंगे निराकरण

रायपुर संभाग से अभी तक 425 आवेदन आए हैं। इन आवेदनों का पहले परीक्षण करेंगे। इसमें सही पाई जाने वाली आपत्ति-शिकायत का निराकरण करेंगे। जरूरत पड़ने पर आवेदक को भी बुलाया जाएगा।

- महादेव कावरे,
संभागायुक्त रायपुर

---

# ई-ऑफिस व्यवस्था लागू होने से जिला स्तर पर कार्य ठप

### सुविधा के अभाव में फाइलें हो रहीं लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मंत्रालय एवं संचालनालय में ई-ऑफिस को लागू किए जाने के बाद इसे जिला स्तर पर लागू किए जाने की अनुसंशा की गई है। जिला स्तर पर ऑनलाइन काम करने के लिए सुविधाओं की कमी के कारण ई-ऑफिस सिस्टम ठीक ढंग से लागू नहीं हो पा रहा है।

राज्य शासन ने ई-ऑफिस की व्यवस्था 1 जुलाई से प्रारंभ करने के कारण जिला कार्यालयों में कार्य ठप पड़े हुए हैं। मंत्रालय में कर्मचारियों की संख्या कम है, कंप्यूटर आदि की सुविधा उपलब्ध है, इसलिए मंत्रालय संचनालय में ई-ऑफिस संभव है, किंतु जमीनी स्तर पर जिलों में ई-आफिस प्रदेश के समस्त कार्यालय में लागू कर, मेनुउल में पेपर पर काम को बंद करा दिया गया है। इससे कार्यालयों में सरकारी काम काज ठप है। अधिकारी फाइलों में हस्ताक्षर नहीं कर रहे हैं। ई-ऑफिस लागू होने के साथ जमीनी स्तर पर जिलों के कार्यालयों में नेट, कंप्यूटर रूम तथा स्केनर की व्यवस्था नहीं है। ग्रामीण अंचल में वाईफाई काम नहीं कर रहा है। कर्मचारियों पर ई-ऑफिस पर कार्य करने का दबाव है। बिना पूरी सुविधा, तैयारी के ही ई-ऑफिस संभव नहीं है।

### लंबित हो रहीं फाइलें

यही समस्या पटवारियों के साथ भी थी, इसलिए पटवारियों ने लंबा आंदोलन कर कंप्यूटर रूम, कंप्यूटर, प्रिंटर आदि की मांग की थी। सुविधाओं के अभाव में भुईयां कार्यक्रम सफल नहीं हो पाया। सुविधा के अभाव में सर्वर डाउन होने के कारण कोषालयों में पेंशन, वेतन भत्तों के भुगतान में सर्वर डाउन की स्थिति है। वहीं राजस्व, स्वास्थ्य, आदिवासी विभाग सहित प्रदेश के सभी कार्यालयों में फाइलें लंबित होते जा रही हैं।

## खबर संक्षेप



### पशु परिवहन में क्रूरता आरोपी जेल दाखिल

**आरंग।** थाना आरंग द्वारा 25 जुलाई को बोलेरो पीकअप क्र सीजी 06 जीएक्स 5902 में ठूस-ठूसकर बिना चारा पानी के 02 नग भैंसी व 01 नग भैंसी का बच्चा को अवैध रूप से क्रुरतापूर्वक भरकर उड़िसा कत्लखाना परिवहन कर ले जा रहे आरोपी आशीष यादव पिता करण यादव उम्र 24 वर्ष सा. गुरूद्वारा के पीछे पंजाबी पारा वार्ड क्र 13 महासमुंद के विरूद्ध थाना आरंग में अप.क्र. 417/2025 धारा 4, 6, 10 छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम, 11 पशुओ के प्रति कुररता का निवारण अधिनियम पंजीबद्ध कर आरोपी आशीष यादव को 25.07.2025 को गिरप्तार कर न्यायिक रिमांड में न्यायालय रवाना किया गया है।

### शराब की अवैध बिक्री जोरों पर, कार्रवाई नहीं

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र में जमकर अवैध शराब की बिक्री की जा रही है, वार्ड नंबर 3 और 4 के मध्य कई स्थानों पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है।

### मातृ गोष्ठी : बच्चे की प्रथम गुरु होती है मां और संस्कार होती है शिक्षा

# स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार जरूरी पैकेट फूड से करें परहेज, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नेवरा -तिल्दा

■ सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में हुई मातृ गोष्ठी

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में मातृ गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में कक्षा अरुण से पंचम तक की माताएं शामिल हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर श्री अमित नासा दंत चिकित्सक खुशी हॉस्पिटल, श्रीमती दिव्या नासा बच्चों की डॉक्टर ,कार्यक्रम के अध्यक्ष श्री स्वप्निल श्रीवास्तव विद्यालय समिति व्यवस्थापक, विशिष्ट अतिथि श्रीमती पारुल गौरव अग्रवाल पार्षद वार्ड क्रमांक 12, श्री गौरव अग्रवाल, श्री अजय शर्मा सदस्य, श्रीमती नीलम पांडे शिशु वाटिका प्रमुख तिल्दा विद्यालय, प्राचार्य श्री वासुदेव साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। शिशु वाटिका प्रमुख श्रीमती नीलम पांडे ने सुवर्ण प्राशन की जानकारी देते हुए कहा कि सुवर्ण प्राशन प्राचीन काल से चला आ रहा है। यह पुष्य नक्षत्र मे पिलाया जाता है। यह औषधि धन्वंतरी मंत्र का उच्चारण करते हुए बनाया जाता है। सुवर्ण प्राशन से मानसिक, बौद्धिक एवं शारीरिक वृद्धि होती है ।यह गाय का दूध ,शहद ,ब्राम्ही स्वर्ण भस्म आदि औषधीयो को मिलाकर बनाया जाता है। सुवर्ण प्राशन पिलाने से बच्चों में सर्दी- खांसी, बुखार ठीक हो जाता है। इससे मंदबुद्धि बालक भी धीरे-धीरे ठीक हो सकता है। सवर्ण प्राशन पिलाने से पेट दर्द की समस्या ठीक हो जाती है। श्रीमती पारुल अग्रवाल ने कहा कि मुझे यहां आकर अत्यंत ही प्रसन्नता हुई है। नर और नारी दो पहियों के समान है। नारी आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। वह घर के साथ-साथ बाहर भी काम करती है। आपसे यही आग्रह है कि आप अपनी बेटियों को पढ़ाये ताकि वह अच्छे पदों पर जा सके।

#### सराहन प्रस्तुति पर बच्चे पुरस्कृत



उन्होंने बच्चों की प्रस्तुति की सराहन की तथा पुरस्कार स्वरूप 1100 रुपए प्रदान किया। डॉ दिव्या नासा ने बच्चों के कार्यक्रम की सराहना की। पोषण एवं स्वास्थ्य के विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि जितना हमारा मुख स्वच्छ होगा, उतना ही हमारा स्वास्थ्य ठीक रहेगा। हमारे शरीर के लिए संतुलित आहार बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि हमें पानी पीते ही रहना चाहिए। बच्चों को पैकेट फूड नहीं देना चाहिए। दो बार ब्रश करना आवश्यक है। श्री अमित नासा ने कहा कि मैं आप सभी से दो बातें कहूंगा , जिसमें पहलि है कि सभी माताएं अपने बच्चों को हेल्दी फूड दे साथ ही हरी सब्जियां फल आदि आवश्यक रूप से दे। दूसरी बात बच्चों के पानी पीने पर आवश्यक ध्यान दिया जाए। पानी शरीर के लिए अति आवश्यक है। इन सभी बातों के साथ मै यह भी कहना चाहूंगा कि हम इस विद्यालय के बच्चों के हेल्थ चेकअप के लिए हमेशा सहयोग देने को तैयार है।

#### जागरूक माताएं बनें

श्री स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि मुझे बहुत ही खुशी हुई कि आप इतनी संख्या में उपस्थित हुए हैं ।आपका सहयोग हमेशा प्राप्त हुआ है। आप सभी जागरूक माताएं हैं। उन्होंने मातृ शक्ति का उदाहरण देते हुए कहा कि डॉक्टर दिव्या नाशा एक सफल डॉक्टर है। वे रायपुर में सेवा देने के साथ-साथ नेवरा में भी सेवा देती है। हमारे विद्यालय में 80 प्रतिशत संख्या दीदीयों की है। मां प्रथम गुरु होती है मातृभाषा का अर्थ ही मां की भाषा है। मां संस्कार व शिक्षा देती है ।वह मित्र की तरह होती है। मां हमारी रक्षक होती है। मां के होते हुए हमें हर मुश्किलों का सामना करने का साहस प्राप्त होता है। एक बच्चे के लिए उसके मां से बढ़कर कुछ नहीं होता। उन्होंने आए हुए समस्त अतिथियों का धन्यवाद किया। समिति सदस्यों व प्राचार्य द्वारा आए हुए अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन श्रीमती पुर्णिमा साहू ने किया । कार्यक्रम के अंत मे श्रीमती दीपशिखा ताम्रकार ने आये हुये समस्त अतिथियो, माताओ का आभार ज्ञापित किया ।

# पूर्व सैनिकों ने कारगिल दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तिल्दा नेवरा

पूर्व सैनिक समाज कल्याण तिल्दा नेवरा द्वारा कारगिल विजय दिवस आज मनाया गया। आज शनिवार को कारगिल विजय दिवस समारोह का आयोजन देर शाम सांई धाम मोड़ अग्रवाल होंडा के पास तिल्दा में पूर्व सैनिक समाज कल्याण संगठन द्वारा मनाया गया। साथ ही श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला डॉक्टर खुमान वर्मा, जिला पंचायत सभापति स्वाती वर्मा, पार्षद रानी सौरभ जैन, सरपंच तुलसी गुलाब आडील, सरपंच कोहका घुलघुल तेजराम वर्मा, सांसद प्रतिनिधि राम पंजवानी, महेंद्र साहू जिला पंचायत सभापति प्रतिनिधि, डॉक्टर खुमान वर्मा, सहित गणमान्यजन उपस्थित हुए। सभी ने कारगिल दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई, मोमबत्ती जलाई गई, राष्टगान किया गया। वही अतिथियों ने अपने उद्बोधन में देश के जवानों और शहिद सैनिकों, तिल्दा नेवरा के पूर्व सैनिक कल्याण समाज की प्रशंसा की। साथ ही साईं मंदिर चौक पर शहीद स्मारक चौक निर्माण की घोषणा की गई। वही भूपेंद्र कुमार वर्मा ने पूर्व सैनिक समाज कल्याण संगठन को 21 हजार रुपए का चेक भेंट किए वही पार्षद रानी सौरभ जैन ने शाल देकर सम्मान किए।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक समाज कल्याण संगठन के जगदीश यादव, लखन लाल वर्मा गजेंद्र नायक, महेश कुमार वर्मा, हितेश कुमार, विजय शील, हीरा लाल वर्मा, ओंकार, राधेश्याम शर्मा, राकेश यादव, प्रदीप सिंह, राधेश्याम यादव, गोविंद वर्मा, खम्मन वर्मा, संतोष वर्मा, टेकराम , अनिल वर्मा, रंजीत वर्मा, प्रदीप वर्मा, खेम सिंह वर्मा,शत्रुघ्न लाल, विजय वर्मा, आशिक अली, रवि चौबे, जितेंद्र कुमार, रेवती रमन, आदि उपस्थित हुए।

# शिव पुराण की कथा में सप्त ऋषियों की परीक्षा का वर्णन



**आरंग।** डीडी कालोनी अकोली रोड आरंग में आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय शिव पुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। शिव कथा के तीसरे दिवस में प. संतोष महाराज रायपुर वाले ने तारकासुर जन्म, सप्तऋषि द्वारा परीक्षा, पीपलाद कथा और शिव पार्वती का सुंदर वर्णन उदाहरण के साथ प्रस्तुत किया। प. संतोष ने कहा आज का परिवार अपने संस्कार से विमुख हो रहा है। उन्होंने कहा कि शिव विश्वास और शक्ति श्रद्धा का प्रतीक है। पति पत्नी को भी जीवन में ऐसे ही रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सबका ऋण से मुक्त हो सकते है लेकिन माता पिता के ऋण से कभी मुक्त नहीं हो सकते। परिवार में बेटी का सदैव सम्मान करना चाहिए। बेटी तो दोनों परिवार (मायके व ससुराल) के कुल को तारने वाली होती है। शिव मंदिर में आप देखे होंगे कि माता पार्वती हमेशा दोनों हाथ जोड़कर बैठे रहती है। हमें शिक्षा लेना चाहिए कि परिवार में माताओं को भी मौन रहना चाहिए। बुजुर्ग सदस्यों से ऊंची आवाज में बात नहीं करना चाहिए और बिना अनुमति के बाहर नहीं जाना चाहिए। लेकिन परिवार में ऐसा नहीं हो रहा है जिसके कारण परिवार में मतभेद और विभाजन हो रहा है। आयोजन समिति में प्रमुख रुप से अशोक साहू, परमेश्वर चंद्राकर, नरेंद्र साहू, एम.एल. तारक उपस्थित रहे।

# गांधी स्कूल रींवा में ग्रीन डे मनाया बच्चों ने दिया हरियाली का संदेश



**आरंग।** गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, रीवा में छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार हरेली के अवसर पर "ग्रीन डे" का आयोजन बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को हरे रंग की सजावट से सजाया गया था। विद्यार्थी हरे रंग की पोशाक में स्कूल आए और हरियाली व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें पर्यावरण से संबंधित भाषण, गीत एवं कविता पाठ प्रस्तुत किए गए। प्री प्राइमरी विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस का गरिमामय आयोजन किया गया। शिक्षकों के विशेष निर्देशन पर प्राइमरी विद्यार्थियों द्वारा नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक के द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं छत्तीसगढ़ी लोक जन जीवन का चित्रण किया गया। विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर प्रकृति को बचाने की शपथ ली। इसके अतिरिक्त निबंध लेखन, चित्रकला, पोस्टर मेकिंग एवं गेड़ी रेस जैसे रचनात्मक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।प्रधान पाठक खान सर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि "ग्रीन डे केवल एक दिन का आयोजन नहीं होना चाहिए।

बल्कि हमें प्रतिदिन पर्यावरण के प्रति जागरूक रहकर वृक्षारोपण एवं स्वच्छता का पालन करना चाहिए।" एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत जितने बच्चों ने अपने माता के साथ वृक्षारोपण किए थे उन सबका उत्साह वर्धन किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनाने एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।

### हरेली पर चरौदा में हुई गेड़ी दौड़

**आरंग।** शनिवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में पारंपरिक खेल गेड़ी दौड़ और बालिकाओं का फुगड़ी खेल का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी-अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। शाला के वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने बताया पारंपरिक खेल गेड़ी दौड़ और फुगड़ी को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखा।

## पेज 11 के शेष...

### खत्म नहीं हुआ...

वीआईपी रोड एयरपोर्ट मार्ग पानी-पानी, चंडीनगर, गोल्डन होम, नालापारा में जलभराव : वीआईपी रोड में शनिवार को जलभराव से शहरवासी परेशान रहे। लगातार बारिश ने पॉश इलाके के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल दी। बारिश में फंसी कार को निकालने जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। एयरपोर्ट जाने के मार्ग पर लबालब पानी भरने से लोग परेशान रहे। देवपुरी के सरकारी स्कूल परिसर में तालाब सा नजारा देखने को मिला। इससे स्कूली विद्यार्थियों को विद्यालय में पहुंचने खासी दिक्कत आई। इधर जोन 9 क्षेत्र स्थित पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के छोकरानाला की जमीन पर कुछ बिल्डरों द्वारा अतिक्रमण के कारण चंडीनगर, गोल्डन होम, नाला पारा सहित कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निमित हुई। वार्ड पार्षद गोपेश साहू ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित बिल्डरों को नोटिस देकर सीमांकन करवाकर कार्रवाई करें। नगर निगम जोन 5 और जोन 6 के रिहाइशी इलाके भाठागांव, कुशालपुर, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 1, 2, 3, 4 में निगम प्रशासन ने शहर के अलग-अलग दर्जनभर इलाकों में लोगों के घरों से पानी खींचने जोन स्तर पर टूल्लू पंप लगाकर गंदे पानी को घरों से बाहर निकालने की व्यवस्था की। वहीं प्रभावित क्षेत्रों में महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर 700 लंच पैकेट का वितरण कराया गया। निगम ने दर्जनभर से ज्यादा इलाकों में पानी खींचने पंप लगाये, 700 लंच पैकेट बंटवाये। स्थल निरीक्षण में वामनराव लाखे वार्ड पार्षद बब्बी सोनकर, जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, महामाया मंदिर वार्ड पार्षद जयश्री नायक शामिल रहे। लगातार बारिश से जलभराव का निरीक्षण करने महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप जोन 5 और जोन 6 के अधिकारियों के साथ कुकरी पारा प्रोफेसर कालोनी, परशुराम नगर सहित प्रभावित इलाकों में गये। घरों में जलभराव की समस्या दूर करने पंप लगाकर पानी बाहर करवाने और प्रभावित परिवार जनों को लंच पैकेट उपलब्ध करवाने जोन कमिश्नर छीरसागर नायक, हितेंद्र यादव को निर्देश दिए। ब्रम्हपुरी, देवकी बाल उद्यान इलाके में जलभराव के कारण लोगों के घरों में चूल्हा नहीं जला। यही स्थिति परशुराम नगर की भी रही।

### घर में पानी भरा तो...

मोहल्ले में सड़क से होकर के कई घरों में बारिश का पानी भर गया था। हालात ऐसे थे कि यहां रहने वाले सोनकर परिवार के घर में सुबह 7 बजे दुखद घटना हो गई। यहां रहने वाली उत्तरा सोनकर (55) की आकस्मिक मृत्यु हो गई। वह अपने तीन पुत्रों के साथ यहां रहती थी। परिवार वालों ने मृत्यु के बाद मां के शव को खाट पर लेटाया लेकिन घर में बारिश का पानी भरा होने के कारण वे अपनी मां के अंतिम संस्कार की रस्म नहीं कर पा रहे थे। इसी बीच उन्होंने पड़ोस में आलमारी का व्यापार करने वाले परिवार से मदद मांगी। पड़ोसी का आलमारी गोदाम उस समय खाली था। पड़ोसी होने का धर्म निभाते हुए गोदाम मालिक ने भी शव को गोदाम में लाने की अनुमति दी। इसके बाद परिवार वालों ने गोदाम में ही उत्तरा सोनकर की अंतिम यात्रा की सारी रस्में निभाईं। रिश्तेदारों को भी गोदाम में ठहराया : महिला के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सोनकर परिवार के रिश्तेदारों को भी घर में पानी भरा होने के कारण गोदाम में ठहराया गया था। कोई भी रिश्तेदार पानी भरा होने के कारण सोनकर परिवार के घर जा नहीं पाए।

### एनएमसी रिश्वतखोरी के...

सीबीआई कोर्ट ने जिन आरोपियों का जमानत आवेदन खारिज किया है, उनमें निरीक्षण दल के सदस्य डॉ. अशोक शेल्के, डॉ. चैत्रा एमएस, हवाला कनेक्शन से पैसा लेने वाला सथीष ए. तथा चैत्रा के पति रविचंद्र के. का नाम शामिल है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चारों की जमानत याचिका खारिज की है। कोर्ट रावतपुरा मेडिकल कालेज के डायरेक्टर अतुल कुमार तिवारी तथा निरीक्षण दल के प्रमुख डॉ. मंजप्पा सीएन की जमानत याचिका पहले ही खारिज कर चुकी है।




### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर के अंतर्गत सेक्टर-27, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - एफ 1सी - 06/202 को श्री संतोष कुमार अग्रवाल पिता श्री ब्रम्हानंद अग्रवाल के नाम स्वविति आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 29.07.2011 को लीजडीड (रजिस्ट्री ) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर उक्त भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री संतोष कुमार अग्रवाल पिता श्री ब्रम्हानंद अग्रवाल, निवासीः- एल.आई.जी. - 20, दीन दयाल आवास बलौदाबाजार, तहसील - बलौदाबाजार, जिला - बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को अपने भाई श्री कन्हैया लाल अग्रवाल पिता श्री ब्रम्हानंद अग्रवाल, निवासीः - पंचशील नगर बलौदाबाजार, तहसील - बलौदाबाजार, जिला - बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) को उपहार (दान) करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - एफ 1सी- 06/202 को उपहार (दान) के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर छ.ग.**

### शपथपत्र

मैं जीतेन्द्र कलवानी (JEETENDRA KALWANI) उम्र 43 वर्ष, पिता श्री वेद प्रकाश कलवानी, निवासी एक्सटेंशन 30 अविनास केपिटल होम्स 02, स्टीट-08, सेक्टर-08, सड्डु, मोवा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) 492014 आधार नं. 9002-3839 9824 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं :-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं तथा वह मेरे पत्र व्यवहार का पता है।
2. यह कि मेरा वर्तमान वास्तविक नाम जीतेन्द्र कलवानी (JEETENDRA KALWANI) उम्र 43 वर्ष पिता श्री वेद प्रकाश कलवानी है।
3. यह कि, मेरा पूर्व का नाम जितेन्द्र पी कलवानी (JITENDRA P KALWANI) पिता वेद प्रकाश कलवानी है जो कि मेरे आधार कार्ड कं.- 9002-3839-9824 में दर्ज है।
4. यह कि, मैं अपने पूर्व नाम जितेन्द्र पी कलवानी (JITENDRA P KALWANI) को परिवर्तित कर अपना नया वर्तमान नाम जीतेन्द्र कलवानी (JEETENDRA KALWANI) उम्र 43 वर्ष, पिता श्री वेद प्रकाश कलवानी कर लिया हूं तथा मैं उक्त नाम से जाना पहचाना जाता हूँ।
5. यह कि, मैं यह शपथपत्र मैं अपने उपरोक्त कथनों के समर्थन में दे रहा हूं।

**पुराना नाम-** जितेन्द्र पी कलवानी (JITENDRA P KALWANI)
**पिता -** वेद प्रकाश कलवानी
**नया नाम-** जीतेन्द्र कलवानी (JEETENDRA KALWANI)
**पिता -** वेद प्रकाश कलवानी

12 May 2025

### :: आम सूचना ::

**(नजूल भूमि मोहल्ला-बैरन बाजार, ब्लॉक/शीट नं. 110, भूखण्ड क्र. 62, रकबा 1728 वर्गफुट, बैरन बाजार, तहसील व जिला रायपुर से संबंधित)**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किलगण स्वामित्वहक की मकान निकिता गुप्ता एवं अन्य सभी पिता स्व. श्री रामनारायण कश्यप के संयुक्त स्वामित्व व हक का पैतृक मकान नजूल ब्लाक/शीट नं. 110, मकान 8/293, भूखण्ड क्र. 62, रकबा 1728 वर्गफुट, मोहल्ला- बैरन बाजार, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है।

इस मकान को अन्य व्यक्तियों द्वारा विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जो पूर्णतः अवैधानिक है, इस मकान को बिक्री करने का हमारे मुवक्किलगणों का मंशा नहीं है। उक्त मकान को विक्रय करने का अगर कोई प्रयास करता है या बिक्री अनुबंध करता है तो उस व्यक्ति को बिक्री करने का या अनुबंध करने का कोई अधिकार नहीं है अतः सार्वजनिक रूप से आम सूचना सूचित किया जा रहा है कि सह भूमि स्वामी इस मकान को विक्रय या स्थानांतरित ना करे। अगर पूर्व में सहभूमिस्वामी द्वारा कोई अनुबंध किया गया हो तो वह भी शून्य माना जावेगा। यह प्रकाशन मेरे द्वारा अपने मुवक्किलगण के पारिवारिक हित के लिया जा रहा है। जो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 26.07.2025

**एन.के. साहू (अधिवक्ता)**
**श्रीवास्तव एण्ड एसोसिएट्स, एडव्होकेट्स**
**चेम्बर आफिस नं. एफ-33, हीरा आर्केड,**
**पुराना बस स्टैण्ड, पण्डरी, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9301286272**






# मूसलाधार बारिश के बाद बिलों से निकले विषधर, आबादी क्षेत्रों में बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण सूखी जगह की तलाश में विषधर बिलों से बाहर निकल लोगों के घरों में घुस रहे हैं। नोवा नेचर की टीम ने शहर तथा आउटर के अलग-अलग इलाकों में दो दिनों के भीतर 50 से ज्यादा जगहों में पहुंचकर सांपों को रेस्क्यू कर सुरक्षित इलाकों में छोड़ा है। स्थिति बारिश के कारण ऐसी हो गई है कि सांप शहर की घनी आबादी में शामिल सदर बाजार से लेकर शंकर नगर, समता कालोनी, चौबे कालोनी जैसे इलाकों में निकल रहे हैं। देवेंद्र नगर स्थित एक्सप्रेस-वे सर्विस रोड में सांप तथा नेवला का आपसी संघर्ष का एक रोमांचक वीडियो सामने आया है। सांप तथा नेवला की लड़ाई के कारण 10 मिनट तक ट्रैफिक बाधित रहा। लोग रुक कर सांप तथा नेवले की लड़ाई देखते रहे।

## मुख्यमंत्री निवास से लेकर कई मंत्रियों के बंगले से आए दिन निकल रहे विषधर

### मंत्री, विधायकों के बंगलों में इसलिए निकल रहे सांप

मुख्यमंत्री निवास के साथ ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा, श्याम बिहारी जायसवाल सहित कंई मंत्रियों के निवास से सांप रेस्क्यू किया है। इसके अलावा विधायक कालोनी में कई विधायक तथा पूर्व विधायक के निवास से नोवा नेचर की टीम ने सांप रेस्क्यू किया है। रेस्क्यू किए गए सांपों को ऐसे क्षेत्र जहां लोगों बसाहट कम होती है, घनी झाड़ियों के बीच नोवा नेचर की टीम ने छोड़ा है।



### सांसें थामकर लोगों ने देखा रोमांचक मुकाबला

देवेंद्र नगर ऑफिसर कॉलोनी के पीछे एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड में शुक्रवार शाम पांच बजे के करीब लोग सांप, नेवला की लड़ाई देख ठिठक गए। सांप तथा नेवले के बीच हो रही लड़ाई में सांप तथा नेवला एक दूसरे के साथ गुत्थमगुत्थी कर नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते दिखे। कभी सांप, नेवला को जकड़ लेता तो कभी नेवला अपने मुंह तथा पंजे के वार से सांप पर वार करता। दोनों के बीच लड़ाई करीब 10 मिनट तक जारी रही। नेवला के हमले से लहूलुहान होने के बाद सांप मैदान छोड़ घनी झाड़ियों की ओर भाग गया। नेवला भी सांप का पीछा करते हुए झाड़ियों में गया, लेकिन तब तक सांप वापस जा चुका था। सांप के जाने के बाद नेवला भी विपरीत दिशा में चला गया।

नोवा नेचर से जुड़े मोइज खान के अनुसार बारिश शुरू होने के बाद से मुख्यमंत्री निवास सहित कई मंत्री बंगलों में सांप निकलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मुख्यमंत्री निवास गांधी उद्यान से सटा है, साथ ही मुख्यमंत्री निवास में बहुतायत में पेड़ लगे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री निवास में सांप निकलने की घटनाएं ज्यादा सामने आती हैं।

### शहर के आउटर में ज्यादातर काले नाग रेस्क्यू

नोवा नेचर से जुड़े मोइज के अनुसार शहर के आउटर डूंडा, सेजबहार, कमल विहार, विधानसभा मार्ग के ज्यादातर इलाकों में इंडियन नाग ज्यादा निकल रहे हैं। नोवा नेचर की टीम ने इन इलाकों में जिन सांपों का रेस्क्यू किया है, उनमें धामन से लेकर इंडियन नाग जैसे विषैले सांप शामिल हैं। इसके अलावा समता कालोनी, शंकर नगर तथा कचना में इंडियन नाग रेस्क्यू किए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### सैकड़ों भक्तों ने अखंड रामायण पाठ का लिया आनंद

रायपुर। सावन मास में छत्तीसगढ़ के सुख-शांति समृद्धि के लिए सत्तीबाजार निवासी सरोज शर्मा परिवार द्वारा अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। यह अखंड रामायण पाठ संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा के साथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने पाठ का आनंद लिया।

### सतनामी समाज की बैठक आज


रायपुर। सतनामी समाज की ओर से छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद मिनीमाता की 53वीं पुण्यतिथि पर 11 अगस्त को राजधानी में स्मृति दिवस व प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे न्यू राजेंद्र नगर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में सतनामी समाज की बैठक होगी। बैठक में मिनीमाता स्मृति दिवस व प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तय कर प्रमुखजनों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी जाएगी। बैठक में सतनामी समाज के सभी प्रमुखजन, पदाधिकारी, कार्यकर्ता व महिला मंडल के सदस्य शामिल होंगे।

### झेरिया यादव समाज थकी बैठक आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज महानगर रायपुर इकाई की आवश्यक बैठक 27 जुलाई को दोपहर 2 बजे से रखी गई है। समाज के रायपुर महानगर अध्यक्ष सुंदरलाल यादव ने बताया कि बैठक महादेवघाट रायपुरा स्थित समाज के प्रदेश कार्यालय भवन में होगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से बैठक में आवश्यक रूप से शामिल होने का आग्रह किया है।

## निधन

### राधा के. नायर



रायपुर। महोबाबाजार हर्षित नगर निवासी राधा के. नायर (76) का 25 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 26 जुलाई को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे बीनू नायर की माता और बीनू वीके की सास थीं।

# हाईटेक जालसाजों के निशाने पर बुजुर्ग, सीबीआई ईडी का भय दिखाकर डिजिटल अरेस्ट, कर रहे ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- अनजाने कॉल आने पर बुजुर्गों को सावधान रहने पुलिस ने की अपील

एक वर्ष बाद हाईटेक जालसाज डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी करने का पैंतरा फिर से अजमाने लगे हैं। हाईटेक जालसाज अब चोरी के डेटा हासिल कर बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी कर रहे हैं। राजधानी के तीन थाना क्षेत्र राखी, विधानसभा तथा पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के तीन बुजुर्ग जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं, उन्हें डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर साढ़े तीन करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है। ऐसे में पुलिस ने बुजुर्गों से ऐसे जालसाजों से बचने सतर्क रहने अपील की है।

सायबर क्राइम पुलिस के अनुसार बुजुर्ग लोक लाज के भय तथा किसी विवाद में फंसने के डर से आसानी से जालसाजों के झांसे में आ जाते हैं। जालसाजों द्वारा ईडी, सीबीआई का भय दिखाने पर बुजुर्ग डर तथा हड़बड़ी में अपनी गोपनीय बैंकिंग जानकारी हाईटेक जालसाजों के साथ शेयर कर उनके अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर ठगी का शिकार हो जाते हैं। हाईटेक जालसाजों के लिए बुजुर्ग आसान शिकार हैं। इस वजह से जालसाज बुजुर्गों के अकाउंट के बारे में जानकारी हासिल कर उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं।


'आपने मनी लांड्रिंग की है', निको की रिटायर्ड जीएम को डिजिटल अरेस्ट कर ठग लिए 2 करोड़ 83 लाख

### चोरी के डेटा हासिल कर बुजुर्गों की जानकारी

जालसाजों ने हाल के दिनों में जिन तीन बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी का शिकार बनाया है, उन तीनों की उम्र 60 प्लस है। उनमें शिक्षा विभाग का एक सेवानिवृत्त लिपिक है। एक महिला स्टील कंपनी में सीईओ के पद से सेवानिवृत्त हुई है। एक अन्य महिला राज्य के सांख्यिकीय विभाग में डिप्टी डायरेक्टर पदस्थ है। जालसाजों ने जिन लोगों को ठगी का शिकार बनाया है, पुलिस को आशंका है कि उन लोगों ने चोरी के डेटा हासिल कर उन बुजुर्गों के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर ठगी की है।

### जालसाजों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही

हाल के दिनों में जिन बुजुर्गों के साथ ऑनलाइन ठगी की गई है, बुजुर्गों द्वारा जिन अकाउंट में रकम ट्रांसफर की गई है, उसकी जांच की जा रही है। जालसाजों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। जालसाज ठगी की रकम म्यूल अकाउंट में ट्रांसफर कराकर आहरण करते हैं। जालसाजों की गिरफ्तारी के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है।

*- संजय सिंह, डीएसपी क्राइम*

### जिन तीन लोगों के साथ ठगी, सभी का पैटर्न एक जैसा

जिन तीन बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बनाया गया है, उन लोगों के साथ ठगी का पैटर्न करीब एक जैसा रहा है। जालसाजों ने किसी में टेलीकॉम या बैंक का अधिकारी बनकर कॉल किया। कॉल करने के बाद जालसाज उन बुजुर्गों को उनके अकाउंट में संदिग्ध लेन-देन होने का झांसा देकर उन्हें बयान देने आने के लिए कहा या फिर गिरफ्तारी का भय दिखाकर ठगी का शिकार बनाया।

### अकाउंट की तस्दीकी करने के नाम पर रकम ट्रांसफर

सीधे अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराने पर पोल खुल सकती है। इसके लिए जालसाज अपने शिकार को उनके अकाउंट की जांच करने के नाम पर रकम ट्रांसफर करने झांसा देते हैं। साथ ही अपने शिकार को जांच के बाद रकम वापस करने का झांसा देकर अपने अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराते हैं। रकम ट्रांसफर नहीं करने पर गिरफ्तारी का भय दिखाते हैं। गिरफ्तारी के डर से बुजुर्ग जालसाजों के अकाउंट में रकम ट्रांसफर कर ठगी का शिकार होते हैं।

# मोतियाबिंद अंधत्व मुक्त सर्टिफिकेट के लिए इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- केंद्र सरकार को भेजा जा चुका प्रस्ताव, तीन माह में 27 हजार से ज्यादा सर्जरी

निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के बाद जिले को मोतियाबिंद बैकलॉग फ्री होने के दावे के साथ केंद्र सरकार को भेजे गए प्रस्ताव पर सर्टिफिकेट प्राप्त करने राज्य के 11 जिले लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं। रायपुर समेत कई जिलों को इसका दावा किए सालभर से ज्यादा का वक्त बीत चुका है। इधर मोतियाबिंद अंधत्व मुक्त अभियान के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 27 हजार से ज्यादा सर्जरी की जा चुकी है।

केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ मोतियाबिंद के मरीजों के ऑपरेशन के लिए चलाए जाने वाले अभियान को अपनाया गया था। इस दौरान यह तय हुआ था जो जिला मोतियाबिंद की सर्जरी में अपने निर्धारित लक्ष्य को पूरा करता है, उसे बैकलॉग फ्री होने का प्रमाणपत्र दिया जाएगा। इसके लिए जिले द्वारा किए गए दावे की राज्य स्तर पर जांच और ओके रिपोर्ट होने पर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजने का सिस्टम बनाया गया था। इसके तहत कबीरधाम, रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार, बालोद, दुर्ग, राजनांदगांव, खैरागढ़, रायगढ़, कोरबा एवं बस्तर को दृष्टिहीनता मुक्त घोषित किए जाने के लिए दावा भारत सरकार को प्रेषित किया गया था। काफी समय बीतने के बाद भी योजना के तहत प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया गया। राज्य शासन द्वारा इसके लिए अब पुनः प्रयास किया जा रहा है। राज्य में अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक 1 लाख 45 हजार 580 तथा अप्रैल 2025 से जून 2025 तक 27,245 मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। इसके तहत 25 जिला अस्पताल एवं 10 चिकित्सा महाविद्यालयों सहित कुल 43 स्वास्थ्य संस्थानों में नियमित रूप से नेत्र ऑपरेशन किए जा रहे हैं।

### अब तक 350 नेत्रदान

नेत्रदान को लेकर विभागीय स्तर पर जनजागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है। इसके तहत अप्रैल 2024 से मार्च 2025 तक 263 और अप्रैल 2025 से जून 2025 तक 88 नेत्रदान पूरा किया गया। इस अलावा आंखों से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए पिछले और वर्तमान वित्तीय वर्ष में एक लाख से ज्यादा लोगों का इलाज किया जा चुका है।




### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना नवा रायपुर अटल नगर के अंतर्गत सेक्टर-27, में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - एफ 1सी - 06/202 को श्री संतोष कुमार अग्रवाल पिता श्री ब्रम्हानंद अग्रवाल के नाम स्ववित्ति आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय से दिनांक 29.07.2011 को लीजडीड (रजिस्ट्री ) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर उक्त भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री संतोष कुमार अग्रवाल पिता श्री ब्रम्हानंद अग्रवाल, निवासीः- एल.आई.जी. - 20, दीन दयाल आवास बलौदाबाजार, तहसील - बलौदाबाजार, जिला - बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को अपने भाई श्री कन्हैया लाल अग्रवाल पिता श्री ब्रम्हानंद अग्रवाल, निवासीः - पंचशील नगर बलौदाबाजार, तहसील - बलौदाबाजार, जिला - बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) को उपहार (दान) करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में प्रकोष्ठ भवन क्रमांक - एफ 1सी- 06/202 को उपहार (दान) के सबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

## पेज 11 के शेष ...

### खत्म नहीं हुआ...

वीआईपी रोड एयरपोर्ट मार्ग पानी-पानी, चंडीनगर, गोल्डन होम, नालापारा में जलभराव : वीआईपी रोड में शनिवार को जलभराव से शहरवासी परेशान रहे। लगातार बारिश ने पॉश इलाके के ड्रेनेज सिस्टम की पोल खोल दी। बारिश में फंसी कार को निकालने जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। एयरपोर्ट जाने के मार्ग पर लबालब पानी भरने से लोग परेशान रहे। देवपुरी के सरकारी स्कूल परिसर में तालाब सा नजारा देखने को मिला। इससे स्कूली विद्यार्थियों को विद्यालय में पहुंचने खासी दिक्कत आई। इधर जोन 9 क्षेत्र स्थित पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के छोकरानाला की जमीन पर कुछ बिल्डरों द्वारा अतिक्रमण के कारण चंडीनगर, गोल्डन होम, नाला पारा सहित कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निमित हुई। वार्ड पार्षद गोपेश साहू ने प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित बिल्डरों को नोटिस देकर सीमांकन करवाकर कार्रवाई करें। नगर निगम जोन 5 और जोन 6 के रिहाइशी इलाके भाठागांव, कुशालपुर, प्रोफेसर कालोनी सेक्टर 1, 2, 3, 4 में निगम प्रशासन ने शहर के अलग-अलग दर्जनभर इलाकों में लोगों के घरों से पानी खींचने जोन स्तर पर टूल्लू पंप लगाकर गंदे पानी को घरों से बाहर निकालने की व्यवस्था की। वहीं प्रभावित क्षेत्रों में महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर 700 लंच पैकेट का वितरण कराया गया। निगम ने दर्जनभर से ज्यादा इलाकों में पानी खींचने पंप लगाये, 700 लंच पैकेट बंटवाये। स्थल निरीक्षण में वामनराव लाखे वार्ड पार्षद बब्बी सोनकर, जोन अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, महामाया मंदिर वार्ड पार्षद जयश्री नायक शामिल रहे।

लगातार बारिश से जलभराव का निरीक्षण करने महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप जोन 5 और जोन 6 के अधिकारियों के साथ कुकरी पारा प्रोफेसर कालोनी, परशुराम नगर सहित प्रभावित इलाकों में गये। घरों में जलभराव की समस्या दूर करने पंप लगाकर पानी बाहर करवाने और प्रभावित परिवार जनों को लंच पैकेट उपलब्ध करवाने जोन कमिश्नर छीरसागर नायक, हितेंद्र यादव को निर्देश दिए। ब्रम्हपुरी, देवकी बाल उद्यान इलाके में जलभराव के कारण लोगों के घरों में चूल्हा नहीं जला। यही स्थिति परशुराम नगर की भी रही।

### घर में पानी भरा तो...

मोहल्ले में सड़क से होकर के कई घरों में बारिश का पानी भर गया था। हालात ऐसे थे कि यहां रहने वाले सोनकर परिवार के घर में सुबह 7 बजे दुखद घटना हो गई। यहां रहने वाली उत्तरा सोनकर (55) की आकस्मिक मृत्यु हो गई। वह अपने तीन पुत्रों के साथ यहां रहती थी। परिवार वालों ने मृत्यु के बाद मां के शव को खाट पर लेटाया लेकिन घर में बारिश का पानी भरा होने के कारण वे अपनी मां के अंतिम संस्कार की रस्म नहीं कर पा रहे थे। इसी बीच उन्होंने पड़ोस में आलमारी का व्यापार करने वाले परिवार से मदद मांगी। पड़ोसी का आलमारी गोदाम उस समय खाली था। पड़ोसी होने का धर्म निभाते हुए गोदाम मालिक ने भी शव को गोदाम में लाने की अनुमति दी। इसके बाद परिवार वालों ने गोदाम में ही उत्तरा सोनकर की अंतिम यात्रा की सारी रस्में निभाईं।

**रिश्तेदारों को भी गोदाम में ठहराया :** महिला के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सोनकर परिवार के रिश्तेदारों को भी घर में पानी भरा होने के कारण गोदाम में ठहराया गया था। कोई भी रिश्तेदार पानी भरा होने के कारण सोनकर परिवार के घर जा नहीं पाए।

### एनएमसी रिश्वतखोरी के...

सीबीआई कोर्ट ने जिन आरोपियों का जमानत आवेदन खारिज किया है, उनमें निरीक्षण दल के सदस्य डॉ. अशोक शेल्के, डॉ. चैत्रा एमएस, हवाला कनेक्शन से पैसा लेने वाला सथीष ए. तथा चैत्रा के पति रविचंद्र के. का नाम शामिल है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चारों की जमानत याचिका खारिज की है। कोर्ट रावतपुरा मेडिकल कालेज के डायरेक्टर अतुल कुमार तिवारी तथा निरीक्षण दल के प्रमुख डॉ. मंजप्पा सीएन की जमानत याचिका पहले ही खारिज कर चुकी है।

**समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी, रायपुर छ.ग.**

### शपथपत्र

मैं जीतेन्द्र कलवानी (JEETENDRA KALWANI) उम्र 43 वर्ष, पिता श्री वेद प्रकाश कलवानी, निवासी एक्सटेंशन 30 अविनास केपिटल होम्स 02, स्टीट-08, सेक्टर-08, सड्डू, मोवा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) 492014 आधार नं. 9002-3839 9824 शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूं :-

1. यह कि, मैं उपरोक्त पते पर निवास करता हूं तथा वह मेरे पत्र व्यवहार का पता है।
2. यह कि मेरा वर्तमान वास्तविक नाम जीतेन्द्र कलवानी (JEETENDRA KALWANI) उम्र 43 वर्ष पिता श्री वेद प्रकाश कलवानी है।
3. यह कि, मेरा पूर्व का नाम जितेन्द्र पी कलवानी (JITENDRA P KALWANI) पिता वेद प्रकाश कलवानी है जो कि मेरे आधार कार्ड कं.- 9002-3839-9824 में दर्ज है।
4. यह कि, मैं अपने पूर्व नाम जितेन्द्र पी कलवानी (JITENDRA P KALWANI) को परिवर्तित कर अपना नया वर्तमान नाम जीतेन्द्र कलवानी (JEETENDRA KALWANI) उम्र 43 वर्ष, पिता श्री वेद प्रकाश कलवानी कर लिया हूं तथा मैं उक्त नाम से जाना पहचाना जाता हूँ।
5. यह कि, मैं यह शपथपत्र मैं अपने उपरोक्त कथनों के समर्थन में दे रहा हूं।

**पुराना नाम-** जितेन्द्र पी कलवानी (JITENDRA P KALWANI)
**पिता -** वेद प्रकाश कलवानी
**नया नाम-** जीतेन्द्र कलवानी (JEETENDRA KALWANI)
**पिता -** वेद प्रकाश कलवानी

12 May 2025

### :: आम सूचना ::

**(नजूल भूमि मोहल्ला-बैरन बाजार, ब्लॉक/शीट नं. 110, भूखण्ड क्र. 62, रकबा 1728 वर्गफुट, बैरन बाजार, तहसील व जिला रायपुर से संबंधित)**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किलगण स्वामित्वहक की मकान निकिता गुप्ता एवं अन्य सभी पिता स्व. श्री रामनारायण कश्यप के संयुक्त स्वामित्व व हक का पैतृक मकान नजूल ब्लाक/शीट नं. 110, मकान 8/293, भूखण्ड क्र. 62, रकबा 1728 वर्गफुट, मोहल्ला- बैरन बाजार, तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है।

इस मकान को अन्य व्यक्तियों द्वारा विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जो पूर्णतः अवैधानिक है, इस मकान को बिक्री करने का हमारे मुवक्किलगणों का मंशा नहीं है। उक्त मकान को विक्रय करने का अगर कोई प्रयास करता है या बिक्री अनुबंध करता है तो उस व्यक्ति को बिक्री करने का या अनुबंध करने का कोई अधिकार नहीं है अतः सार्वजनिक रूप से आम सूचना सूचित किया जा रहा है कि सह भूमि स्वामी इस मकान को विक्रय या स्थानांतरित ना करे। अगर पूर्व में सहभूमिस्वामी द्वारा कोई अनुबंध किया गया हो तो वह भी शून्य माना जावेगा। यह प्रकाशन मेरे द्वारा अपने मुवक्किलगण के पारिवारिक हित के लिया जा रहा है। जो सूचना जाने ।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 26.07.2025

**एन.के. साहू (अधिवक्ता)**
**श्रीवास्तव एण्ड एसोसिएट्स, एडव्होकेट्स**
**चेम्बर आफिस नं. एफ-33, हीरा आर्केड,**
**पुराना बस स्टैण्ड, पण्डरी, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 9301286272**






## खबर संक्षेप

### हॉकी स्पर्धा में 14 साल के बच्चों ने मारी बाजी



**रायपुर।** गंज स्कूल के 14 साल से कम उम्र के होनहार बच्चों ने बिना किसी सुविधा के राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में 17 साल के बच्चों को हराया, ये सिर्फ जीत नहीं, ये हौसले की मिसाल है। इस मौके पर जब बच्चों ने पूर्व महापौर एजाज ढेबर को बताया कि उनके प्रैक्टिस के लिए मैदान नहीं है, स्टिक उधार की और जूते फटे हैं तो मन व्यथित हुआ और बिना देरी किए उन्हें नए हॉकी स्टीक, बॉल और प्रैक्टिस के लिए नेताजी सुभाष स्टेडियम प्रबंधन से बातचीत कर ग्राउंड उपलब्ध कराया। इन बच्चों ने देश के राष्ट्रीय खेल को नए सम्मान के साथ जिया है। सरकार को चाहिए कि वो सिर्फ खोखले बयान न दे, बल्कि ऐसे बच्चों के लिए बुनियादी सहयोग सुनिश्चित करे।

### विधि विभाग के स्टॉफ ऑफिसर सेवानिवृत्त, दी विदाई



**रायपुर।** विधि विभाग मंत्रालय में स्टाफ ऑफिसर के पद पर कार्यरत अजय कुमार तिवारी की सेवानिवृत्त होने पर विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ की ओर से उनकी विदाई का कार्यक्रम मंत्रालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधि विभाग के प्रमुख सचिव रजनीश श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि दीपक कुमार देशलहरे, अतिरिक्त सचिव, चंद्र कुमार कश्यप अतिरिक्त सचिव, भूपेंद्र कुमार वासनीकर, अतिरिक्त सचिव, श्रद्धा श्रीवास्तव उपसचिव शामिल थे। इस अवसर पर विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा उपसचिव व कार्यक्रम का संचालन मंत्रालय कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष हीराधर बघेल एवं आभार प्रदर्शन विधि मंत्रालय कर्मचारी संघ के सचिव गोविंद राम साहू द्वारा किया गया।

# रासायनिक उत्पादों के अत्याधिक उपयोग से बढ़ रही बीमारियां- जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बदलती जीवन शैली के साथ बढ़ रहे रासयानिक उत्पादों के अत्याधिक उपयोग से बीमारियां बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि सरकार महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। एनआईटी एवं विकास तरंगिणी, छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आज महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता एवं जांच शिविर का एनआईटी परिसर में आयोजन किया गया।

जांच शिविर और जागरूकता कार्यक्रम विशेषतः सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से महिलाओं को निःशुल्क जांच, परामर्श और आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महिलाओं की जांच की गई और निःशुल्क जांच, परामर्श और दवाइयां प्रदान की गईं। महिलाओं की बड़ी संख्या ने इस पहल में भाग लेते हुए स्वास्थ्य जांच कराई और स्वास्थ्य विभाग की जागरूकता से लाभ प्राप्त किया। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि ऐसे शिविर महिलाओं को समय पर बीमारियों की जांच के लिए प्रेरित करते हैं और उनके स्वास्थ्य की रक्षा में बड़ा योगदान देते हैं। उन्होंने कहा कि आज अनेक बीमारियां हमारी बदलती जीवनशैली, रासायनिक उत्पादों के अत्यधिक उपयोग तथा पारंपरिक जीवन मूल्यों से दूर होने के कारण उत्पन्न हो रही हैं, उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा योग जैसे भारतीय आचार-विचार को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना करते हुए सर्वे भवन्तु सुखिनः के सिद्धांत को अपनाने की बात कही। यह पहल न केवल रोगों की समय पर पहचान में सहायक सिद्ध हो रही है, बल्कि महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने की दिशा में भी एक अच्छा कदम है। यह स्वस्थ नारी और सशक्त समाज की ओर बढ़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।उन्होंने कहा कि यह शिविर शिक्षा और स्वास्थ्य के मध्य एक सेतु का कार्य करेगा।

**एनआईटी और विकास तरंगिणी द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य**



## गॉस मेमोरियल खेल मैदान, बाबर बंगला सहित आसपास की बेशकीमती जमीन

# 5 दशक पुरानी गॉस मेमोरियल वाली 250 करोड़ की जमीन कब्जा मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हिंदू स्वाभिमान संगठन ने यूनाइटेड चर्च ऑफ इंडिया ट्रस्ट द्वारा सरकारी भूमि के दुरुपयोग एवं अवैध बिक्री का उठाया था मामला
- 6 एकड़ नजूल की सरकारी जमीन का मामला, 2017 से हिंदू स्वाभिमान संगठन ने जमीन को राजसात करने मांग उठाई

राजधानी के राजभवन के पास 5 दशक पुरानी गॉस मेमोरियल मैदान सहित आसपास की 6 एकड़ जमीन यूनाइटेड चर्च ऑफ नार्थ इडिया ट्रस्ट एसोयिशेन से राज्य सरकार को निहित हो गयी है। हिंदू स्वाभिमान संगठन ने 6 एकड़ की करीब 250 करोड़ की बेशकीमत जमीन जिसमें गॉस मेमोरियल ग्राउंड, बाबर बंगला सहित अन्य भूमि शामिल है, उसे नए सिरे से डेवलप करने निगम आयुक्त को पत्र लिखा है। संगठन की प्रदेश अध्यख विश्वदिनी पांडे, सचिव श्याम चावला ने शासन में निहित शासकीय भूमि को आक्सीजोन के साथ खेल मैदान, ओपन एयर थियेटर, बच्चों का खेल क्षेत्र, जिम एवं फूड कोर्ट जैसी आधुनिक सुविधाएं शहरवासियों को उपलब्ध कराने आग्रह किया है।

शहर के गॉस मेमोरियल खेल मैदान सहित आसपास की 6 एकड़ बेशकीमती जमीन अब कब्जा मुक्त हो गयी है। शासन में निहित इस बेशकीमती शासकीय भूमि पर नगर निगम नए सिरे से जनहित में प्लान बनाएगा। निगम आयुक्त विश्वदीप ने बताया कि गॉस मेमोरियल खेल मैदान सहित आसपास की 6 एकड़ जमीन को शासन ने निहित कर लिया है। अब हम इस पर डेवलपमेंट के लिए नए सिरे से प्लान करेंगे। करोड़ों की इस जमीन के दुरुपयोग और अवैध विक्रय की शिकायत सामने आयी थी। बाबर बंगला में क्वार्टर बनाकर रहने और इसके आसपास की जमीन का व्याववसायिक उपयोग को लेकर हिंदू स्वाभिमान संगठन की ओर से इस मामले में शिकायत की गयी। इसमें छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय द्वारा आदेश जारी कर संबंधित भूमि को शासन में निहित किया गया है।




### नजूल शाखा कोर्ट तक 8 साल तक लड़ी लड़ाई

हिंदू स्वाभिमान संगठन छत्तीसगढ़ ने वर्ष 2017 में नजूल शाखा कोर्ट में यह मामला प्रमुखता से उठाया। इसमें प्रदेश अध्यक्ष विश्वदिनी पांडे ने नजूल भूमि पर स्थित जमीन के व्यावसायिक एवं अन्य तरीके से उपयोग कर धनार्जन करने के पर ऐतराज जताते हुए मामले को उठाया। लीज अवधि समाप्त होने के बाद भी संबंधित जमीन पर कब्जा को लेकर आपत्ति जताई गई। सूत्रों के मुताबिक तत्कालीन जिला कलेक्टर ओपी चौधरी ने अपने कार्यकाल में यह अभिमत दिया कि शिकायत सही है और संबंधित जमीन का दुरुपयोग हो रहा है। इसे कब्जा मुक्त करवाकर शासन में लिया जाए। इस संबंध में आदेश भी जारी किया गया। इस बीच प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। संगठन ने अपनी लड़ाई जारी रखी। इसके बाद हाल ही में अवर सचिव छत्तीसगढ़ शासन ने जिला कलेक्टर के नाम आदेश जारी कर चर्च को आवंटित जमीन शासन को निहित किये जाने के संबंध में नियम अनुसार कार्यवाही किये जाने पत्र लिखा है।

# जलभराव क्षेत्रों में निकास व्यवस्था देने नए नाला निर्माण का मांगा प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 5 और जोन 6 क्षेत्र में लगातार बारिश के बाद प्रोफेसर कालोनी, परशुराम नगर, कुकरीपारा में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए नया नाला बनाने प्रस्ताव मांगा गया है। महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने समस्या के व्यवहारिक और तकनीकी पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर इसके समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

सालों से जलभराव की समस्या से जूझ रही प्रोफेसर कालोनी में गंदे पानी के निकासी के लिए नया नाला बनाया जाएगा। निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर ने शनिवार को भाठागांव स्थित जोन 6 कार्यालय पहुंचकर जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव, वामनराव लाखे वार्ड पार्षद बब्बी सोनकर, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, अतुल चोपड़ा, दिनेश सिन्हा, अंशुल शर्मा जूनियर, सहायक अभियंता शैलेन्द्र पटेल की उपस्थिति में बैठक ली। इस दौरान प्रोफेसर कॉलोनी, परशुराम नगर, कुकरीपारा एवं अन्य जलभराव क्षेत्रों में गंदे पानी की सुगम निकासी को लेकर विचार-विमर्श किया गया।

पार्षद बब्बी सोनकर ने जल भराव की समस्या का समाधान शीघ्र करने के सम्बन्ध में सुझाव दिए। जलभराव क्षेत्रों में गंदे पानी के बहाव की दिशा की जानकारी लेकर समाधान की दिशा में शीघ्र कार्य करने विचार -विमर्श किया गया।

बैठक में इसके साथ ही रिंग रोड और अशोक लीलेंड सहित विभिन्न पॉइंट्स पर फोकस कर समस्या का तत्कालीन समाधान करने के सम्बन्ध में चर्चा की गई। राजेश राठौर ने जोन कमिश्नरों और कार्यपालन अभियंताओं को तकनीकी प्रस्ताव भौतिक सर्वे कर बनाते हुए सक्षम स्वीकृति लेने मुख्यालय में जल्द भेजने कहा है।

## बिजनेस साइट

### सिपेट रायपुर में स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग पर फैकल्टी डेवेलपमेंट प्रोग्राम संपन्न




**रायपुर।** सिपेट रायपुर में 21 से 26 जुलाई 2025 तक 'स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग डेवलपमेंट' विषय पर एआईसीटीई अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. पंकज कुमार मिश्रा एवं संस्थान प्रमुख डॉ. आलोक साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 36 संस्थानों के फैकल्टी और शोधार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान देशभर के विशेषज्ञों ने स्मार्ट विनिर्माण, उत्पाद विकास और नवीनतम तकनीकों पर व्याख्यान दिए। प्रमुख वक्ताओं में डॉ. दिनेश सिंह ठाकुर, डॉ. सौम्य गंगोपाध्याय (आईआईटी भिलाई), डॉ. मृदु साहू (एनआईटी रायपुर) सहित कई विशेषज्ञ शामिल रहे। प्रतिभागियों को जिंदल स्टील प्लांट का भ्रमण भी कराया गया। समापन समारोह में डॉ. दिलीप सिंह सिसोदिया (एनआईटी रायपुर) ने संबोधित किया। सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. दिवेश मेश्राम व डॉ. राजश्री विजयवर्गीय रहे। अंत में एन. रविंद्र रेड्डी ने आभार व्यक्त किया।

### दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न




**रायपुर।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, कबीर नगर रायपुर में शनिवार को छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में नवनिर्वाचित छात्र नेताओं को उनके पद व दायित्व सौंपे गए। समारोह में प्रेरणा एजुकेशन सोसाइटी के प्रेसिडेंट प्रवीण चंद्राकर, डायरेक्टर भावना चंद्राकर, चेयरमैन विनय चंद्राकर एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत समूहगान, शास्त्रीय और वेस्टर्न नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य विनोद पांडे ने सभी नवचयनित प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। विशेष अतिथि गुरुबक्श ने जीवन में अनुशासन, परिश्रम और सम्मान के महत्व पर बल दिया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

### 100 बिस्तरों वाले मेडिश्योर हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ आज

**रायपुर।** कमल विहार स्थित सेक्टर 11ए, डूंडा चौक में 100 बिस्तरों वाले अत्याधुनिक मेडिश्योर हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन आज किया जाएगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे, जो अपने करकमलों से इस आधुनिक अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, जिनमें विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, श्याम बिहारी जायसवाल और महापौर मीनल चौबे विशेष रूप से शामिल होंगे। मेडिश्योर हॉस्पिटल को आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है, जहां 24×7 आपातकालीन भर्ती सेवा उपलब्ध रहेगी। अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञ, प्रसूति देखभाल, नवजात शिशु एवं बच्चों के लिए विशेष आईसीयू, हिमेटोलॉजी, प्लास्टिक सर्जरी, जनरल मेडिसिन, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, हड्डी रोग, आईवीएफ, सोनोग्राफी, पैथोलॉजी, एक्स-रे तथा बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा भी सुनिश्चित की गई है।




### बैंक ऑफ बड़ौदा ने घोषित किए वित्तीय नतीजे पहली तिमाही में 4,541 करोड़ का शुद्ध लाभ

**रायपुर।** बैंक ऑफ बड़ौदा ने 30 जून, 2025 को समाप्त वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा की है। बैंक ने 4,541 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो वर्ष-दर-वर्ष 1.9% की वृद्धि है। तिमाही में परिचालन लाभ 15% बढ़कर 8,236 करोड़ रुपये पहुंच गया, जिसकी प्रमुख वजह 88% की बढ़ी गैर-ब्याज आय रही। बैंक की खुदरा, कृषि और एमएसएमई अग्रिमों में 18% की वार्षिक वृद्धि हुई। बैंक का कुल वैश्विक अग्रिम 12.07 लाख करोड़ रुपये और वैश्विक जमा 14.35 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई, जो इसके संतुलित और स्थिर वृद्धि का संकेत है।

### पीएनबी ने रायपुर में आयोजित किया एमएसएमई मासिक आउटरीच कार्यक्रम

**रायपुर।** पंजाब नैशनल बैंक द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के सशक्तिकरण के लिए कॉर्पोरेट बैंकिंग शाखा, कटोरा तालाब, रायपुर में एमएसएमई मासिक आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बैंक और ग्राहकों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने तथा नवीनतम वित्तीय सेवाओं की जानकारी देने हेतु आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील कुमार गोयल, मुख्य महाप्रबंधक, प्रधान कार्यालय, ने अपने उद्बोधन में कहा कि पीएनबी सभी वर्गों के ग्राहकों के लिए अनुकूलित बैंकिंग समाधान उपलब्ध कराता है। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से ऋण प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया गया है। इस अवसर पर अंचल प्रमुख आशीष चतुर्वेदी ने कहा कि इस तरह के आउटरीच कार्यक्रम एमएसएमई इकाइयों को सशक्त बनाने का एक सार्थक प्रयास हैं। ग्राहकों को बैंकिंग विशेषज्ञों से प्रत्यक्ष संवाद का अवसर मिलता है जिससे वे अपनी वित्तीय जरूरतों के अनुरूप समाधान प्राप्त कर सकते हैं। कॉर्पोरेट बैंकिंग शाखा प्रमुख सब्यसाची मोहापात्रा की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्राहकों को पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस, पीएनबी ट्रेड ग्रोथ जैसे उत्पादों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान पात्र ग्राहकों को मौके पर ही ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। डिजिटल बैंकिंग के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देते हुए, टैब के माध्यम से ऑन-स्पॉट प्रोसेसिंग की सुविधा भी दी गई।



# अग्रवाल सभा रायपुर की जंबो कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अग्रवाल सभा रायपुर के अध्यक्ष विजय अग्रवाल ने वर्ष 2025-26 के लिए अपनी जंबो कार्यकारिणी घोषित कर दी है। पूर्व महामंत्री मनमोहन अग्रवाल को फिर से महामंत्री की जिम्मेदारी दी है। वहीं योगेश अग्रवाल व प्रमोद जैन पर भरोसा करते हुए उन्हें फिर से प्रचार-प्रसार की जवाबदारी सौंपी है। उन्होंने अग्रवाल सभा में 11 संरक्षक, 11 सलाहकार, महामंत्री 1 एवं 6 मंत्री समेत 6 उपाध्यक्ष , 1 कोषाध्यक्ष, 1 सहायक संगठन मंत्री और लेखा परीक्षक सहित कार्यकारिणी में अग्रवाल युवा सम्मेलन के प्रदेश चेयरमन कर्तव्य अग्रवाल समेत 82 सदस्यों को शामिल किया गया है, जबकि 107 विशेष आमंत्रित सदस्य हैं। अग्रवाल सभा रायपुर की नई कार्यकारिणी का ऐलान किया गया है।

**संरक्षक** -सियाराम अग्रवाल, रामकुमार अग्रवाल, सुरेश गोयल, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, नवल किशोर अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, गौरीशंकर अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल, रामानंद अग्रवाल,ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, सीताराम अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, हनुमान प्रसाद, राजीव अग्रवाल।

**सलाहकार** - रमेशचंद्र अग्रवाल, ओमप्रकाश बगड़िया, अरुण सिंघानिया, सुभाष अग्रवाल , कैलाश मुरारका, सुरेश कुमार अग्रवाल, सतपाल जैन, बिजय अग्रवाल, डॉक्टर राजेश खेमका, राजेन्द्र गोयल। उपाध्यक्ष - रमेश अग्रवाल जीआर, जेपी अग्रवाल बालाजी, विनोद अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, हरिवल्लभ अग्रवाल। महामंत्री -मनमोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष- प्रेमचंद अग्रवाल। मंत्री- मनीष अग्रवाल, कमल अग्रवाल, प्रमोद जैन, विनय बजाज, डॉक्टर मनोज अग्रवाल, संजय चौधरी। लेखा परीक्षक - गोपाल अग्रवाल सीए, संगठन मंत्री योगेश अग्रवाल योगी, सह-संगठन मंत्री संजय अग्रवाल।

## एक पेड़ मां के नाम से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सालासर बालाजी धाम में अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन शुरू

अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा दो दिवसीय राष्ट्रीय एवं प्रांतीय बैठक का शुभारंभ शनिवार को सालासर बालाजी धाम में एक पेड़ मां के नाम अभियान से किया गया। सालासर बालाजी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष हेमराज जिंदल, महामंत्री राजेश अग्रवाल, प्रांतीय अध्यक्ष प्रमोद जैन, चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल की उपस्थिति रही। युवा सम्मेलन द्वारा 111 पौधे लगाए गए।

रविवार को राष्ट्रीय बैठक एवं प्रांतीय बैठक के साथ जिला इकाई का सम्मान कार्यक्रम आयोजित है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी होंगे, अति विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपाल शरण गर्ग सहित अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहेंगे। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि रविवार के कार्यक्रम मै राष्ट्रीय टीम एवं प्रांतीय टीम के 500 युवा शामिल होंगे।



## विक्रम सिंहदेव बने कैट के प्रदेश चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीसी भरतिया एवं राष्ट्रीय महामंत्री और सांसद प्रवीण खंडेलवाल की अनुशंसा पर राजधानी के कैट के प्रदेश कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से विक्रम सिंहदेव को कैट छत्तीगसढ़ चैप्टर का प्रदेश चेयरमैन नियुक्त किया गया है। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने बताया कि श्री सिंह इससे पूर्व कैट के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रहे हैं। यही नहीं, लंबे समय से वे व्यापारी हितों को प्रमुखता से उठाते रहे हैं। उनकी इस नियुक्ति पर अमर पारवानी, मगेलाल मालू, जितेन्द्र दोषी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, सुरिंदर सिंह, अजय अग्रवाल सहित पूरी कैट टीम ने बधाई दी है।

### धरना प्रदर्शन और महारैली आज

**रायपुर।** आल इंडिया बुद्धिस्ट फोरम के आव्हान पर बोधगया बिहार के महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के समर्थन में भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर के ओर से 27 जुलाई को बोधगया के महाबोधि महाविहार से बीटी एक्ट निरस्त करने और महाबोधि विहार को गैर बौद्धों से मुक्त कराने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन एवं महारैली का आयोजन किया गया है। महारैली दोपहर 12 बजे से देवेंद्र नगर बुद्ध विहार से आंबेडकर चौक संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर प्रतिमा के पास पहुंचेगी। भारतीय बौद्ध महासभा रायपुर के अध्यक्ष प्रकाश रामटेके और जिला महासचिव विजय गजघाटे ने बताया कि इस महारैली में सभी बौद्ध अनुयायियों के संगठनों के पदाधिकारियों से और कार्यकर्ताओं शामिल होंगे।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 27 जुलाई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937





## एजूकेशन लाइव

### बी-टेक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए मेरिट सूची जारी, 28 से 30 जुलाई तक दस्तावेज़ सत्यापन



**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के अंतर्गत संचालित बी-टेक (कृषि अभियांत्रिकी) एवं बी-टेक (फूड टेक्नोलॉजी) पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु प्रोविजनल मेरिट सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.igkv.ac.in पर प्रकाशित की जा चुकी है।चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथियों में दस्तावेज सत्यापन, सीट आवंटन एवं शुल्क जमा कर प्रवेश सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी, जिन्होंने पीईटी -2025 के माध्यम से आवेदन किया है, उनके लिए प्रवेश प्रक्रिया 28 जुलाई 2025 को आयोजित की जाएगी। इसके पश्चात छत्तीसगढ़ राज्य के उन मूल निवासियों के लिए, जिन्होंने जेईई मेंस 2025 अथवा 12वीं (गणित समूह) के आधार पर आवेदन किया है, उनके लिए प्रवेश प्रक्रिया 29 जुलाई 2025 को सम्पन्न होगी।अन्य राज्यों से 12वीं (गणित समूह) के आधार पर पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया 30 जुलाई 2025 को आयोजित की जाएगी। समस्त चरणों के लिए समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक रहेगा तथा स्थान स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, गेट नंबर-3, रायपुर रहेगा।

#### रिक्त सीटें पात्र अभ्यर्थियों को आवंटित किया

सभी चयनित अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे निर्धारित तिथि व समय पर मूल दस्तावेज एवं उनकी छायाप्रतियां सहित उपस्थित हों। विलंब अथवा अनुपस्थिति की स्थिति में प्रवेश का अवसर निरस्त किया जा सकता है। प्रत्येक चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात यदि सीटें रिक्त रहती हैं, तो उन्हें पीईटी -2025 के नियमानुसार पात्र प्रतीक्षारत अभ्यर्थियों को आवंटित किया जाएगा। प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.igkv.ac.in** पर उपलब्ध हैं।

जेसीआई वामांजलि की डांस प्रतियोगिता में 350 प्रतिभागियों ने विभिन्न नृत्यशैली की दी प्रस्तुति

# धर्म-संस्कृति और नृत्य के रंगों से सजा 'नृत्यम' मंच, हर प्रस्तुति से दिया संदेश

*जेसीआई वामांजलि के तत्वावधान में शनिवार को मैक ऑडिटोरियम में आयोजित 'नृत्यम' डांस प्रतियोगिता में धर्म, संस्कृति और नृत्य के विविध रंगों की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर युवाओं तक ने अपनी शानदार प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने कथक, वेस्टर्न और हिप-हॉप जैसे नृत्य शैलियों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। खास बात यह रही कि हर प्रस्तुति के माध्यम से कलाकारों ने समाज को सकारात्मक संदेश भी दिया।*





**रायपुर।** कार्यक्रम की शुरुआत श्री सिद्धि विनायक ग्रुप द्वारा "देवा श्री गणेशा" और "गजानना" जैसे भक्तिपूर्ण गीतों पर आकर्षक प्रस्तुति से हुई, जिसने पूरे माहौल को भक्ति-रस में सराबोर कर दिया। इसके पश्चात एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण "छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया" गीत पर पारंपरिक वेशभूषा में युवतियों का जोशीला प्रदर्शन रहा। जैसे ही वे मंच पर उतरीं, पूरा ऑडिटोरियम तालियों और उत्साह से गूंज उठा। दर्शक भी अपनी सीटों पर झूमते नजर आए। इस आयोजन का उद्देश्य सावन उत्सव के अवसर पर प्रतिभागियों को मंच प्रदान कर उनकी कला को सम्मान और प्रोत्साहन देना था। कार्यक्रम को दर्शकों और प्रतिभागियों से भरपूर सराहना मिली और यह एक यादगार सांस्कृतिक अनुभव बन गया।

### राज्यों की संस्कृति की झलक ने मोहा मन

कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों की संस्कृति पर आधारित नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने पारंपरिक वेशभूषा में मंच पर आकर अपने राज्य की लोकसंस्कृति को जीवंत कर दिया। पारंपरिक गीतों पर किए गए नृत्य ने दर्शकों का मन मोह लिया।मंच पर बॉलीवुड, राजस्थानी, देशभक्ति, पारंपरिक और सावन विशेष गीतों पर महिलाओं, युवतियों और बच्चों ने विविध नृत्य प्रस्तुतियाँ दीं। भगवान शिव को समर्पित गीतों पर हुई प्रस्तुतियों ने विशेष आकर्षण बटोरा और वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

### देशभक्ति गीतों से शहीदों को किया याद

कारगिल विजय दिवस के उपलक्षय पर महिलाओं के ग्रुप ने देश के वीर जवानों के लिए देशभक्ति गानों पर डांस किश्स। महिलाओं ने ओ, देस मेरे, तेरी शान पे सदके...,देश रंगीला रंगीला देश मेरा रंगीला...जैसे गानों पर डांस पेश किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से सभी ने वीर जवानों को याद किया। साथ ही सावन के उत्सव व हरियाली तिहार मनाने के उपलक्षय पर क्लासिकल सोल के ग्रुप ने शिवजी के गानों पर प्रस्तुति दी।

### गोल्डन गर्ल्स ने घूमर नृत्य से जीता दिल

राजस्थानी वेशभूषा में गोल्डन गर्ल्स ने घूमर रमवाने आप पधारो सा..,रंगीलो मारो ढोलना ढोलना वी...,हो, लुक-छिप ना जाओ जी...गानों पर प्रस्तुति दी। लोगों के तालियां तब बजी जब गोल्डन गर्ल्स ने एक साथ हाथ में दीपक लिए घूमर नृत्य की। कथक कुंज के ग्रुप ने बॉलीवुड गानों पर ताल से ताल मिलाकर कथक की। बॉलीवुड सॉन्ग ओ रे पिया हाये...और मितवा के गानों पर डांस परफॉर्म किया। 3 मिनट के प्रस्तुति में मितवा गाने के बीच खुशी शुक्ला,जाह्नवी साहू और शैली गुप्ता ने ताल त्रिताल से बॉलीवुड व कथक को सुंदर से नृत्य की प्रस्तुति दी। ग्रुप ने बताया कि सभी गानों में उन्होंने कथक की 16 मात्राओं का उपयोग किया।

### 350 से अधिक प्रतिभागियों ने दिया परफॉर्मेंस

इस कार्यक्रम में 18 वर्ष से अधिक आयु की युवतियां और महिलाओं ने भाग लिया, जिसमें 350 से अधिक प्रतिभागियों ने परफॉर्मेंस दिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर मीनल चौबे व उद्योगपति राजेश अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जेसी अध्यक्ष आकांक्षा प्रीत, चैप्टर ऑर्डिनेटर डॉ. अनन्या शर्मा के साथ अन्य मेंबर शामिल रहे।



## सिटी इवेंट

### देशभक्ति गीतों संग कारगिल के वीरों को दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शनिवार को रिटायर्ड सैनिकों ने देशभक्ति गीतों और भावनात्मक स्मृतियों के साथ दिन को यादगार बना दिया। भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कर्नल कॉल सिद्धार्थ बोस द्वारा वीआईपी रोड स्थित एक होटल में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रिटायर्ड सैनिकों के साथ कारगिल युद्ध में भाग ले चुके सैनिक व उनके परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम में सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदान को भावपूर्ण रूप से याद किया गया। रिटायर्ड सैनिकों ने वाद्ययंत्रों के साथ देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी, जो उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर गईं। सैनिकों ने अपने अनुभव भी साझा किए, जिन्हें सुनकर सभी के मन में देशभक्ति और सम्मान की भावना और भी प्रगाढ़ हो गई। आयोजन में कारगिल युद्ध की स्मृतियां पुनः ताजा हुईं और माहौल गर्व एवं श्रद्धा से भर गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से भोजन कर आपसी सौहार्द्र का परिचय भी दिया।

### चित्रों में उकेरी देशभक्ति, रंगों में दिखा कारगिल का शौर्य-पराक्रम



**रायपुर।** पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति का प्रतीक कारगिल विजय दिवस विषय पर अपने विचारों को चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया। छात्रों ने भारतीय सेना की वीरता, बहादुरी, शौर्य और पराक्रम को रंगों और भावों के माध्यम से जीवंत रूप में दर्शाया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी विभागों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित करने का प्रयास किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता शर्मा ने कहा कि यह दिन प्रत्येक भारतवासी के लिए गर्व और सम्मान का दिन है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर हम कला, लेखन, जागरूकता कार्यक्रमों आदि के माध्यम से अपने देशप्रेम की अभिव्यक्ति कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां युवा पीढ़ी को शहीदों के बलिदान की याद दिलाने और उनमें देशभक्ति की भावना जागृत करने का एक सशक्त माध्यम हैं।

# गीत, कविता और गेड़ी के साथ बिखेरी हरेली की छटा



*रायपुर। छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा और कृषि परंपरा से जुड़ा प्रमुख लोकपर्व हरेली त्योहार को प्रगति कॉलेज में ईको क्लब के तत्वावधान में पारंपरिक रूप से मनाया गया। इस अवसर पर कृषि औजारों, हल आदि की पूजा की गई। छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला और श्रीफल अर्पित कर परंपरा का निर्वहन किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने हरेली पर्व पर गीत और कविता के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही पारंपरिक छत्तीसगढ़ी खेल गेड़ी का प्रदर्शन कर सांस्कृतिक गरिमा को जीवंत किया।प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर ने कहा कि यह पर्व छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा और कृषि परंपरा से जुड़ा है, जिसे किसान अपनी खुशहाली और समृद्धि के लिए मनाते हैं।*

### ग्रीन फूड और ग्रीन ड्रेस के साथ बच्चों ने मनाया ग्रीन डे



टिफिन में ग्रीन पराठा, चीला, पूड़ी, पास्ता, फ्रूट्स, भिंडी की सब्जी से लेकर ग्रीन ड्रेस कोड के साथ संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चे शनिवार को ग्रीन डे मनाने स्कूल पहुंचे। इसे लेकर जितना उत्साह बच्चों में था, उससे अधिक उत्साह शिक्षकों में देखा गया। शिक्षकों के साथ प्राचार्य मनीष गोवर्धन भी ग्रीन ड्रेस कोड में नजर आए। बच्चों के साथ मिलकर शिक्षकों और प्राचार्य ने ग्रीन डे सेलिब्रेट किया। मौका था महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में ग्रीन डे सेलिब्रेशन का। प्री-प्राइमरी कक्षाओं की इंचार्ज शिक्षिका अस्मिता कुसरे ने बताया कि हमारे जीवन में हरा रंग विकास और उर्वरता का प्रतीक है। नर्सरी, पीपी वन और पीपी टू के बच्चों ने ग्रीन डे को लेकर विशेष उत्साहित रहे। सभी बच्चे हरे रंग के ड्रेस कोड में पहुंचे थे।

# 300 ये अधिक विद्यार्थियों ने शिविर में कराई आंखों और दांतों की जांच



*रायपुर। लायंस क्लब रायपुर कैपिटल के तत्वावधान में शांति निकेतन स्कूल चंगोराभाठा में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र एवं दंत स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए हेल्थ अवेयरनेस सत्र भी हुआ। इस अवसर पर एम्स रायपुर की प्रो. डॉ. मनीषा सिंह ने किशोरों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सत्र लिया। एबी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की डॉ. बिजिता देव पॉल ने नेत्र जांच की सेवाएं दीं, जबकि गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज रायपुर की टीम ने दंत परीक्षण में योगदान दिया। लगभग 300 विद्यार्थी और 350 अभिभावक/स्थानीय नागरिक शिविर में लाभान्वित हुए। बच्चों को प्रोत्साहनस्वरूप कॉपी और चॉकलेट भी वितरित की गई। लायंस क्लब रायपुर कैपिटल की अध्यक्ष लायन कनीज सिद्धीक एवं क्लब के पीआरओ संतोष गुप्ता ने बताया कि यह शिविर क्लब की निरंतर सेवा गतिविधियों का हिस्सा है और भविष्य में भी इसी प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।*

## गिफ्ट दुकानों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर सेल में बढ़ोतरी

# फ्रेंडशिप डे को खास बनाने में जुटे युवा, बाजार में गिफ्ट और थीम बेस्ड एसेसरीज पहली पसंद

कॉर्नर न्यूज

**रायपुर।** फ्रेंडशिप डे को लेकर शहर के बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है। युवाओं के बीच गिफ्ट्स, फ्रेंडशिप बैंड्स, कपल एसेसरीज और कस्टमाइज्ड प्रोडक्ट्स को लेकर खासा उत्साह है। इस बार बाजार में थीम-बेस्ड टी-शर्ट्स, फोटो फ्रेम्स, मैग्नेटिक की-चेन, स्लीक फ्रेंडशिप बैंड्स और मोबाइल कवर जैसी चीजें युवाओं को खूब लुभा रही हैं। इस साल कस्टमाइज्ड गिफ्ट्स का ट्रेंड सबसे ऊपर है। इनमें फ्रेंड्स की तस्वीरों वाला म्यूजिक लैंप, नाम या मैसेज छपे चॉकलेट्स, बोतल में पैक मैसेज और क्यूआर कोड वाले फ्रेंडशिप कार्ड शामिल हैं, जिन्हें स्कैन करने पर कोई खास गाना या वीडियो चल जाता है।

गिफ्ट शॉप संचालकों का कहना है कि युवा दोस्ती को खास बनाने के लिए सरप्राइज पार्टीज, आउटिंग्स, डिनर प्लान्स और सोशल मीडिया के लिए रील शूट करने में जुटे हैं। कुछ युवा थीम-बेस्ड ड्रेसिंग और ट्विनिंग स्टाइल को भी अपना रहे हैं। रजबंधा, मालवीय रोड और तेलीबांधा जैसे इलाकों की गिफ्ट दुकानों और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर सेल में बढ़ोतरी देखी जा रही है। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए खास डिस्काउंट और गिफ्ट पैकेजिंग ऑफर्स भी शुरू किए हैं।



### मोतियों से बने ब्रेसलेट पहली पसंद

*फ्रेंडशिप बैंड के बिना फ्रेंडशिप डे अधूरा है। बाजार में फ्रेंड फॉरएवर लिखे हुए बेल्ट, बैंड व ब्रोकन हार्ट वाले लॉकेट आकर्षण के केंद्र बने हुए हैं। दुकान संचालक ने बताया कि लॉक ब्रेसलेट आकर्षक गिफ्ट है। इसे गिफ्ट कर दोस्ती कलाई में ब्रेसलेट को लॉक कर देना है और की को अपने गले में लगा लेना है। जिसके हाथ में ब्रेसलेट है, वह दूसरे दोस्त की मर्जी के बिना ब्रेसलेट नहीं खोल सकता। युवतियों के लिए घड़ी वाले ब्रेसलेट की बिक्री अभी अधिक है, जो रबर और लेदर से बने हैं। इसके अलावा युवाओं को मोतियों से बने ब्रेसलेट, फ्रेंड्स लिखे हुए बेल्ट, वूडेन के बेल्ट ज्यादा पसंद आ रहे हैं।*



### बनवा रहे दोस्तों की फोटो फ्रेम

दोस्तों को खुश करने युवा यूनिक फ्रेंडशिप गिफ्ट तैयार कर रहे हैं। कटोरा तालाब स्थित दुकान संचालक रॉकी गुप्ता ने बताया कि यूथ अपने दोस्तों की फोटो फ्रेम बनवा रहे हैं। दर्जनों आर्डर आ चुके है, जिसमें स्पेशल काड्र्स के साथ फोटो फ्रेम को तैयार किया जा रहा है। इसकी कीमत 600 रुपए है। लाइटिंग फ्रेम के लिए 200 रुपए का अतिरिक्त शुल्क तय किया है। फ्रेम का कीमत साइज अनुसार तय है। सामान्य फ्रेस में दो फोटो को रखी जा रही है। इसके अलावा फ्रेंडशिप डे सेलिब्रेट करने यूथ केक पर अपनी ग्रुप फोटो बनवाने की तैयारी में है। इसकी कीमत साइज अनुसार है। इसके लिए दोस्तों के ग्रुप ने अभी से ऑर्डर दे दिए हैं। सेलिब्रेशन के बदलते तरीकों को देखते हुए अब इसमें भी कई विकल्प दिए जा रहे हैं।

सिटी लाइव

# मां के नाम लगाए 5 हजार पौधे देखभाल की भी ली जिम्मेदारी



**रायपुर।** कैपिटल राउंड टेबल इंडिया 241 ने शनिवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बायोटेक फ्यूल्स प्रा. लि. बेमेतरा में विशाल वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर 5000 पौधों का रोपण किया गया, जिन्हें धरती मां को समर्पित किया गया। चेयरमैन अक्षत टंडन ने कहा, यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। बताया कि हमने 5000 पौधों का रोपण किया है और संकल्प लिया है कि संस्था का हर टेबलर अपने-अपने स्थान पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएगा। हमारा लक्ष्य हर वर्ष कम से कम 50000 पौधे लगाने का है।"

### पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी उठाएं

सेंट जेवियर्स हाईस्कूल की अध्यापिका ने कहा, बच्चों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और जिम्मेदारी विकसित करने का यह एक शानदार प्रयास है। हमारे छात्र इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हुए और इसे सीखने का एक अवसर माना।"बायोटेक फ्यूल्स प्रा. लि. के निदेशक ने कहा, हम मानते हैं कि उद्योग और समाज का संतुलित विकास तभी संभव है, जब हम पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी उठाएं। हमें गर्व है कि इस अभियान का हिस्सा बनकर हमने भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक हरित संदेश दिया।" कार्यक्रम में संस्था के सदस्य अक्षत टंडन, नैतिक पारख, सत्यदीप सोनार, प्रतीक बेरीवाल और गौरव वाधवानी तथा बायोटेक फ्यूल्स प्रा. लि. के निदेशक एवं टीम शामिल रही।

लोक परंपराओं के अनुरूप मना रहे उत्सव, प्रतियोगिताओं में दिखा रहे प्रतिभा

# सावन की हरियाली में रंगीं महिलाएं मेहंदी-झूले और गिद्दा संग मनाया उत्सव

सावन माह में शहर भर में विभिन्न समाज व महिला संगठनों द्वारा उल्लासपूर्वक उत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को ओमाया गार्डन में हरियाली तीज के अवसर पर क्लब तत्त्वम की ओर से सांझ सिंधारा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। महिलाओं ने लोक परंपराओं के अनुरूप उत्सव को पूरे हर्षोल्लास से मनाया।



**रायपुर।** एक-दूसरे के हाथों में मेहंदी रचाकर और फूलों से सजे झूले पर झूलते हुए सावन का स्वागत किया। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रहा स्टैंडअप कॉमेडी से भरपूर मनोरंजन, जिसमें हास्य कलाकार ने अपने मजेदार अंदाज से लोगों को हंसी से लोटपोट कर दिया। उत्सव में महिलाओं की रंग-बिरंगी परिधान, पारंपरिक गीत और सांस्कृतिक रंगों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। कार्यक्रम में मनोरंजन के साथ-साथ महिलाओं ने अपनी रचनात्मकता और उद्यमिता का भी परिचय दिया। रंग-बिरंगी राखियों, क्लोथिंग, फूड स्टॉल्स और हेल्दी स्नैक्स के आकर्षक स्टॉल्स लगाए गए, जिनमें खासा उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने न सिर्फ शॉपिंग का आनंद लिया बल्कि एक-दूसरे के साथ मिलकर सेलिब्रेशन को और भी खास बना दिया। स्टॉल्स पर पारंपरिक वस्तुओं से लेकर नए स्वाद वाले व्यंजनों की भी भरपूर विविधता देखने को मिली।



### मनोरंजन गेम्स में महिलाओं ने दिखाया टैलेंट

कार्यक्रम के दौरान मनोरंजन के लिए मजेदार गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। 'तोल मोल के बोल', हाउज़ी और सावन थीम पर आधारित प्रश्नोत्तरी जैसे रोचक खेलों में प्रतिभागियों ने न केवल अपनी स्मार्टनेस और हाजिरजवाबी दिखाई, बल्कि जमकर आनंद भी लिया।
खेलों के माध्यम से महिलाओं ने अपना टैलेंट और रचनात्मकता उजागर की। सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को लकी ड्रा के जरिए उपहार भी वितरित किए गए।



### अक्षय तृतीया पर घट स्थापना कर हुई विधिवत पूजा

वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को अक्षय तृतीया का पर्व श्री दूधाधारी मठ एवं श्री जैतू साव मठ में श्रद्धा-भक्ति से मनाया गया। सुबह 9.30 बजे घट स्थापना कर भगवान लक्ष्मी-नारायण जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज ने संदेश देते हुए कहा कि अक्षय तृतीया पर किया गया हर कार्य अक्षय फल देने वाला होता है। इस दिन स्नान-ध्यान के पश्चात भगवान श्री हरि एवं माता लक्ष्मी की विधिपूर्वक पूजा एवं दान-पुण्य करना चाहिए। अजय तिवारी ने बताया कि यह पर्व भगवान परशुराम जी के प्रकटोत्सव के रूप में भी मनाया जाता है और इस दिन कृषि कार्य के शुभारंभ की परंपरा भी है।पूजन अवसर पर महेंद्र अग्रवाल, चंद्रकांत यदु, राम मनोहर दास, रामदेव दास, रामप्रिय दास, राम भूषण दास, रामलोचन दास, जय शुक्ला एवं मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## गिद्दा और भांगड़ा के साथ हरियाली तीज की धूम

हरियाली तीज का पर्व रायपुर में पंजाबी महिलाओं ने धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया। होटल गगन रीजेंसी, टाटीबंध में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में महिलाओं ने तीज गीतों पर गिद्दा और भांगड़ा कर माहौल को पंजाब के रंगों से भर दिया। सभी महिलाएं पारंपरिक पंजाबी परिधानों में सजी-धजी नजर आईं और लोकगीतों पर थिरकती हुईं पूरे आयोजन में संस्कृति की झलक बिखेरती रहीं। स्लो डांस और ग्रुप डांस की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया।



मनोरंजन के साथ-साथ कार्यक्रम का उद्देश्य पंजाबी लोकसंस्कृति को जीवंत करना भी रहा। बच्चों ने भी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल-धूम के साथ पंजाबी परंपराओं को जाना और समझा। एक ही ताल पर थिरकते लोग इस सांस्कृतिक आयोजन की एकता और उल्लास का प्रतीक बने।

### बैलून लहराते झूमीं महिलाएं

महिलाओं ने रंग-बिरंगे ब्लून हाथों में थामे संगीत की धुनों पर झूमकर समां बांध दिया। पूरे माहौल में सावन का उल्लास और सजीवता नजर आई। बच्चों और महिलाओं के लिए मनोरंजक गेम्स भी आयोजित किए गए। एक गेम में बच्चों को कप में सही स्केच रखने की चुनौती दी गई, जिसे उन्होंने पूरे उत्साह से निभाया।महिलाओं के लिए हरियाली क्वीन और क्वीन ऑफ द डे प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं। सभी प्रतिभागियों ने अपने अनोखे अंदाज में रैंप वॉक और प्रस्तुतियां दीं, जिससे कार्यक्रम में रचनात्मकता और आत्मविश्वास की झलक दिखाई दी। प्रतियोगिता में हरियाली क्वीन का खिताब सरबजीत कौर ने जीता, जबकि क्वीन ऑफ द डे बनीं खुशी वालिया। पुरस्कारों और तालियों के साथ दोनों विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# हर आत्मा में है परमात्मा बनने की क्षमता, मार्ग है विवेक और अभ्यास




**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत चल रहे प्रवचन श्रृंखला में हंसकीर्ति श्रीजी धर्मरत्न प्रकरण ग्रंथ का पठन कर रही हैं। इसी क्रम में शनिवार को उन्होंने कहा कि हर आत्मा में परमात्मा बनने की क्षमता होती है, लेकिन इस उच्च अवस्था को प्राप्त करने के लिए विवेक का गहन अध्ययन और अभ्यास आवश्यक है। विवेक वह आंतरिक प्रकाश है जो सही और गलत के बीच फर्क करना सिखाता है, जो मनुष्य को आत्मचिंतन, संयम और आत्मानुशासन के मार्ग पर ले जाता है। दुर्भाग्यवश, आज के समय में अधिकांश लोग इस सच्चाई को समझने की बजाय त्वरित परिणामों की इच्छा रखते हैं। न किसी के पास आत्मचिंतन का समय है और न ही किसी में धैर्य बचा है। लोग चाहते हैं कि उन्हें बिना मेहनत के तुरंत लाभ मिले, जबकि आत्मविकास एक धीमी, लेकिन गहन प्रक्रिया है। यह साधना, तपस्या और निरंतर प्रयास से ही संभव है। बिना विवेक के अध्ययन और आत्मचेतना के जागरण के, आत्मा परमात्मा के स्वरूप को नहीं पा सकती। इसलिए यदि वास्तव में जीवन को ऊंचे आध्यात्मिक स्तर तक ले जाना है, तो धैर्यपूर्वक विवेक का अभ्यास और अध्ययन करना ही होगा।


# विनय है धर्म की मर्यादा, जो ले जाती है मोक्ष की ओर



श्री विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट एवं भावोल्लास चातुर्मास समिति के संयुक्त तत्वावधान में नाकोड़ा भैरव सोसायटी भवन में आयोजित चातुर्मास के अवसर पर गुरुभगवंत तीर्थप्रेम विजय जी महाराज ने उत्तराध्ययन सूत्र के पावन वाचन के अंतर्गत अत्यंत मार्मिक व प्रेरणादायी प्रवचन दिए। उन्होंने अपने प्रवचन में विनीत और अविनीत शिष्य के लक्षणों को विस्तारपूर्वक समझाते हुए कहा कि विनीत आत्मा अमुखर होती है, अर्थात वह बिना आवश्यकता के वाणी का प्रयोग नहीं करती, शांति से रहती है और आत्मविवेचन में लीन रहती है। इसके विपरीत अविनीत आत्मा मुखर होती है और निरर्थक, उद्देश्यहीन बातों में उलझी रहती है।गुरुभगवंत ने स्पष्ट किया कि किसी भी व्यक्ति के गुण या अवगुण उसके माता-पिता एवं गुरु की छवि को भी प्रभावित करते हैं। एक विनीत व्यक्ति अनुशासित आचरण वाला होता है, अपनी गलती होने पर तुरंत स्वीकार करता है, क्षमा मांगता है, और यदि दोष उसका न भी हो, तो भी वह बड़ों की कड़वी बातों को धैर्यपूर्वक सुनता है।उन्होंने कहा कि सच्चा विनीत शिष्य न तो कभी गुरु की निंदा करता है, न ही उनके आसन से ऊंचा बैठता है। यही विनय धर्म की मर्यादा है, जो व्यक्ति को मोक्षमार्ग की ओर अग्रसर करती है।




## प्राकृतिक संसाधनों का हो संतुलित उपयोग



**रायपुर।** प्रकृति पर्व हरेली पर पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में पर्यावरण सेमिनार पर एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. विजयलक्ष्मी नायडू ने विषय विशेषज्ञ के रूप में अपना संबोधन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति सजग रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रकृति हमें विरासत में मिली है। इसे बेहतर करना हम सब की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम पुष्पा बड़ा, एस के राय, वसुधा तिवारी, तुषार नायडू एवं डॉ. अजय आर्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अजय आर्य ने कहा कि बच्चे समाज और राष्ट्र का भविष्य है। जैसे आप होंगे वैसा ही हमारा भविष्य होगा। हम सबको प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनना चाहिए ग्रीन स्कूल का कार्यक्रम इसी के लिए हमारा आह्वान करता है। प्रकृति हमारे जीवन के लिए आवश्यक है। प्रोफेसर डॉ. विजय लक्ष्मी नायडू ने छात्र-छात्राओं को प्रकृति की विशेषताओं और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने आह्वान किया कि प्रत्येक छात्र को एक पेड़ को गोद लेकर अपने नाम का रक्षा सूत्र बांधना चाहिए।तापमान बढ़ने का मुख्य कारण ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन है, जो मुख्य रूप से जीवाश्म ईंधन के जलने, वनों की कटाई और औद्योगिक गतिविधियों के कारण होता है।

















माननीय
राजू भाई तारवानी जी
को ग्रामीण कृषि साख सहकारी समिति केन्द्री पं.क्र. 495 के
प्राधिकृत अधिकारी
नियुक्त किये जाने पर हार्दिक बधाई एवं
शपथ ग्रहण समारोह
दिनांक : 27 जुलाई 2025, समय : 12:00 बजे
स्थान : सोसायटी परिसर केन्द्री
में पधार रहे समस्त अतिथियों का हार्दिक
स्वागत
वंदन
अभिनंदन
श्री नेतराम साहू
सरपंच - ग्राम पंचायत केन्द्री
संतराम साहू
सभापति - संचार एवं संकर्म विभाग
जनपद पंचायत अभनपुर
श्रीमती हेमा तुलाराम पंडेल
सरपंच - ग्राम पंचायत उपरवारा
श्री राजू भाई तारवानी
अध्यक्ष
कृषि साख समिति केन्द्री
शोभराज दावड़ा
पूर्व सरपंच
2010 उरला अभनपुर
विनीत : ग्रामीण कृषि साख सहकारी समिति केन्द्री पं.क्र. 495

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# 'हैरी पॉटर' बनने से मां-बाप को था ऐतराज, लेकिन डेनियल हुए कास्ट और रचा इतिहास




हैरी पॉटर के नाम से घर-घर में पहचाने जाने वाले अभिनेता डेनियल रेडक्लिफ मध्यमवर्गीय परिवार में जन्में और आज दुनियाभर में करोड़ों लोगों के दिलों पर राज करते है। उनकी मां मार्सिया ग्रेशम पेशे से एक कास्टिंग एजेंट थीं और पिता एलन जॉर्ज रैडक्लिफ लिटरेचर की दुनिया में एक्टिव थे। डेनियल रेडक्लिफ ने बचपन से ही एक्टिंग का सपना देखा था। लेकिन जब 'हैरी पॉटर' बनकर उन्हें पॉपुलेरिटी मिली तो उन्हें स्कूल में काफी हेट कमेंट्स का सामना करना पड़ता था। उनके स्कूल के बच्चे उन्हें काफी तंग किया करते थे। इस बात का खुलासा खुद डेनियल ने किया था। डेनियल पिछले कई वर्षों से अमेरिकी अभिनेत्री एरिन डार्क के साथ रिश्ते में हैं और 2023 में वो एक बेटे के पिता बने हैं। एक इंटरव्यू में डैड बनने के अनुभव को उन्होंने अब तक की सबसे खूबसूरत चीज बताया था। अपनी निजी जिंदगी में उन्होंने शराब की लत से भी लड़ाई लड़ी और 2010 में खुद को सुधारने का फैसला लिया। डैनियल ने एक्टिंग करियर की शुरुआत सिर्फ 10 साल की उम्र में बीबीसी की टीवी सीरीज 'डेविड कॉपरफील्ड' से की थी। 2000 में निर्माता डेविड हेमैन ने उन्हें 'हैरी पॉटर एंड द फिलॉसफर'स स्टोन' के लिए चुना। जे।के। रोलिंग और निर्देशक क्रिस कोलंबस को भी डेनियल काफी पंसद आए थे। निर्माता डेविड हेमैन की रेडक्लिफ से पहली मुलाकात तब हुई जब वो अपने पिता के साथ एक थिएटर में थे। हेमैन रेडक्लिफ के पिता के ही दोस्त थे।

बस इसी मुलाकात के दौरान उन्होंने रेडक्लिफ को हैरी पॉटर की भूमिका के लिए ऑडिशन देने के लिए कहा। आठ फिल्मों की हैरी पॉटर सीरीज ने उन्हें वर्ल्ड फेमस बना दिया। आलोचकों और दर्शकों दोनों ने उनके अभिनय को खूब सराहा। एक समय था जब रेडक्लिफ को लगा कि लोग उन्हें इस किरदार से अलग नहीं देख पाएंगे, लेकिन उन्होंने यह चुनौती भी स्वीकार की। बहुत कम लोग जानते हैं कि शुरुआत में उनके माता-पिता नहीं चाहते थे कि वो 'हैरी पॉटर' में कास्ट हों। इसके पीछे का कारण था फिल्म की शूटिंग की लोकेशन। शुरुआत में हैरी पॉटर के लॉस एंजेलिस में शूटिंग के चलते उनके माता-पिता झिझक रहे थे, लेकिन बाद में जब शूटिंग यूके में तय हुई, तब डेनियल को फिल्म में साइन किया गया।

### टॉलीवुड

# किंगडम ट्रेलर इवेंट छा गया दर्शकों के दिलों पर विजय देवरकोंडा का 40 फीट का कटआउट



विजय देवरकोंडा की बहुप्रतीक्षित फिल्म किंगडम को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। फिल्म की रिलीज से पहले इसके ट्रेलर के भव्य लॉन्च की तैयारी खूब की गई। जिसमें विजय का 40 फीट का ऊंचा कटआउट लगाया गया। शनिवार की शाम तिरुपति के नेहरू म्युनिसिपल ग्राउंड में ट्रेलर लॉन्च कार्यक्रम हुआ। इस इवेंट में प्रशंसकों के लिए खास माहौल रहा क्योंकि कार्यक्रम स्थल पर विजय देवरकोंडा का 40 फीट ऊंचा कटआउट लगाया गया, जो सभी का ध्यान खींच रहा है। गौतम तिन्नानुरी के निर्देशन में बनी फिल्म किंगडम में विजय देवरकोंडा के साथ भाग्यश्री बोरसे मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। तेलुगु भाषा में विजय की यह फिल्म 'किंगडम' के नाम से रिलीज की जाएगी, जबकि हिंदी भाषा में इस फिल्म को 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज किया जाएगा। किंगडम कई भाषाओं में रिलीज होगी। इसे नागा वामसी और साई सौजन्या ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है। यह फिल्म 31 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### भोजपुरी

# पार्टी मूड में दिखीं मोनालिसा, ब्लैक शिमरी ड्रेस में दिए शानदार पोज



एक्ट्रेस मोनालिसा ने सोशल मीडिया पर अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं। जो अपलोड होते ही वायरल होनी लगी हैं। एक्ट्रेस मोनालिसा ने भोजपुरी सिनेमा से टीवी में एंट्री ली और अपनी एक्टिंग से लाखों लोगों का दिल जीता। एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी खासी एक्टिव रहती हैं। जहां हर दिन उनकी ग्लैमरस तस्वीरें सामने आती रहती हैं। हाल ही में वो ब्लैक ड्रेस में इतराती हुई नजर आई। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर लेटेस्ट फोटोशूट से कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। जिसमें वो वेस्टर्न लुक में नजर आई।इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ब्लैक कलर की शिमरी ड्रेस पहनकर कैमरा के लिए अलग-अलग पोज दे रही हैं। मोनालिसा ने अपना लुक बेहद लाइट मेकअप को खुले स्ट्रेट बालों से पूरा किया है।

उनकी कातिल अदाओं ने सोशल मीडिया का पारा बढ़ा दिया है।मोनालिसा ने इस लुक में कई सारी तस्वीरें शेयर की हैं। हर एक में उनका अलग अंदाज देखने को मिल रहा है। बता दें कि मोनालिसा को इंस्टाग्राम पर 5 मिलियन से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। यही वजह है कि उनकी हर तस्वीर अपलोड होने के साथ ही वायरल होने लगती है। वर्कफ्रंट की बात करें तो मोनालिसा इन दिनों टीवी शो 'जादू तेरी नजर' में दिखाई दे रही हैं। इसमें एक्ट्रेस चुड़ैल का रोल निभा रही हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो मोनालिसा इन दिनों टीवी शो 'जादू तेरी नजर' में दिखाई दे रही हैं। इसमें एक्ट्रेस चुड़ैल का रोल निभा रही हैं।

## विनाइल कोट की चमक

## लाइफ स्टाइल







न्यूयार्क फैशन वीक में चमकदार विनाइल कोट इन दिनों ट्रेंड में है। भले ही यह बारिश के दिनों के लिए एकदम सही हो लेकिन मॉडल इसे फैशन के तौर पर भी खूब पहन रही हैं। चमकदार विनाइल कोट बेहद स्टाइलिश और वाटरप्रूफ होते हैं। मॉडल अगर चमकदार और रंगीन दोनों तरह के कोट पहनने में सहज नहीं हैं, तो डिजाइनर उनके लिए खास तौर पर काले रंग का कोट भी चुन रहे हैं।

# चाहती हैं नेचुरल ग्लो तो घर पर बनाएं जादुई फेस पैक

हरियाली तीज उत्तर भारतीय महिलाओं के लिए एक बेहद खास त्योहार होता है, जब महिलाएं पारंपरिक परिधानों में खूब सजती और संवरती हैं। इस साल ये त्योहार 27 जुलाई को मनाया जा रहा है, ऐसे में महिलाओं ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। वैसे तो किसी भी त्योहार से पहले महिलाएं पार्लर जाकर स्किन केयर कराती हैं, लेकिन कई बार ऐसा कराना संभव नहीं हो पाता, इसलिए अगर आप भी घर पर ही खूबसूरत और दमकती त्वचा चाहती हैं, तो इन 3 घरेलू फेस पैक्स को जरूर आजमाएं। ये फेस पैक न सिर्फ आपकी त्वचा को चमकदार बनाएंगे, बल्कि उसे प्राकृतिक रूप से पोषण भी देंगे।

### बेसन और हल्दी फेस पैक

इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको 2 चम्मच बेसन, 1 चुटकी हल्दी और 1 चम्मच दही या गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले तो सभी चीजों को एक कटोरी में मिला लें। अब इसे ब्रश की मदद से चेहरे और गर्दन पर अप्लाई करें। अब इसे ऐसे ही कुछ देर तक लगा रहने दें, ताकि इसका असर आपके चेहरे पर अच्छी तरह से हो जाए। 20 मिनट के बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें। ये पैक टैनिंग हटाता है और त्वचा को नैचुरल ग्लो देता है।

### चंदन और गुलाब जल फेस पैक

इस पैक को तैयार करने के लिए आपको सिर्फ 1 चम्मच चंदन पाउडर और 1-2 चम्मच गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। अब इस पैक को तैयार करने के लिए आपको सबसे पहले चंदन पाउडर में गुलाब जल



मिक्स करना है। अब इस पेस्ट को अपने साफ चेहरे पर ब्रश की मदद से अप्लाई करें। पेस्ट को चेहरे पर लगाकर 15 मिनट रखें, फिर ठंडे पानी से धो लें। ये फेस पैक त्वचा को ठंडक देता है और रंगत को निखारता है।

### एलोवेरा और शहद फेस पैक

इस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले तो 1 चम्मच एलोवेरा जेल और 1 चम्मच शहद की जरूरत पड़ेगी। इस पैक को बनाने के लिए दोनों को अच्छे से मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 20 मिनट बाद हल्के गुनगुने पानी से धो लें। ये फेस पैक त्वचा को हाइड्रेट करता है और उसे मुलायम बनाता है। इसलिए आप हफ्ते में कम से कम तीन बार इस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं।

# किटी पार्टी में स्टाइल करें इंडो-वेस्टर्न साड़ियां, दिखेगा बस आपका जलवा



अगर आप भी इस बार किटी पार्टी में कुछ स्टाइलिश इंडियन लुक क्रिएट करने का सोच रही हैं, तो इंडो-वेस्टर्न साड़ियों से इंस्पिरेशन ले सकती हैं। किसी भी पार्टी में अपने लुक को यूनिक लुक देना हर महिला को पसंद होता है, लेकिन आखिर क्या पहना जाए इस बात को लेकर हमेशा कंफ्यूजन बनी रहती है। कुछ लोगों को लगता है कि वेस्टर्न ड्रेसेस में ही लुक स्टाइलिश नजर आता है, परंतु ऐसा सोचना एकदम गलत है। आप इंडियन लुक में भी मॉडर्न दिख सकती हैं। अगर आप भी किटी पार्टीज में जाती रहती हैं, तो फिर आपको अपने लुक के साथ हर बार कुछ नया एक्सपेरीमेंट करना पड़ता होगा। तब जाकर लुक सबसे हटके नजर आता होगा। ऐसे में यदि आप बहुत जल्द किसी किटी पार्टी का हिस्सा होने जा रही हैं, तो इस बार डिफरेंट स्टाइल वाली इन इंडो-वेस्टर्न साड़ी लुक्स को ट्राई कर सकती हैं। यकीनन इन साड़ियों को पहनने के बाद आपका लुक सबसे क्लासी दिखेगा।



### साटन कैप स्टाइल इंडो-वेस्टर्न साड़ी

यदि आप किटी पार्टी में अपने ग्लैमरस लुक को फ्लॉन्ट करना चाहती हैं, तो उसके लिए यह साटन साड़ी बेस्ट रहेगी। इस इंडो-वेस्टर्न साड़ी की आपको प्लेट्स बनाने की जरुरत नहीं पड़ेगी। वहीं साड़ी के संग कैप स्टाइल बेहद स्मार्ट लुक दे रहा है। इस साड़ी के संग अप पर्ल ज्वेलरी, ग्लॉसी मेकअप और फंकी बन बनाएं।

### स्टाइलिश पल्लू इंडो-वेस्टर्न साड़ी

किटी पार्टी में सिर्फ आपका ही लुक नजर आए तो उसके लिए आप अपने वार्डरोब में ऐसी स्टाइलिश पल्लू वाली प्लेन इंडो-वेस्टर्न साड़ी को शामिल करना नहीं भूलिएगा। यह साड़ी कैरी करने के बाद काफी मॉडर्न लुक देती है। इसके संग वी नेकस्लीवलेसब्लाउज काफी जंच रहा है। साड़ी के पल्लू और ब्लाउज पर लेस लगी हुई है। इस साड़ी के संग सिल्वर ज्वेलरी, न्यूड मेकअप और ओपन स्ट्रेट हेयर स्टाइल आपका लुक कंप्लीट कर देगी।

### धोती स्टाइल इंडो-वेस्टर्न साड़ी

इस तरह की धोती स्टाइल साड़ी भी काफी अट्रैक्टिव लुक देती हैं। इसे भी आप किटी पार्टी में पहनकर जा सकती हैं। इस प्लेन बॉर्डर वाली धोती स्टाइल साड़ी में आपका लुक ग्रेसफुल नजर आएगा।

# आर्टिफिशियल झुमके से नुकसान हो रहा कान का तो अपनाएं घरेलू नुस्खे

किसी भी लुक को खूबसूरत बनाने के लिए उसके साथ ही ज्वेलरी का काफी अहम रोल होता है। इसी के चलते महिलाएं अपने हर आउटफिट के साथ अलग तरह के इयररिंग्स कैरी करती हैं। ये इयररिंग्स देखने में तो अच्छे लगते हैं, पर कई बार इनकी वजह से महिलाओं को काफी दिक्कत होती है। इन दिक्कतों में सबसे अहम परेशानी है कान का पकना, जिस कारण काम के छेद पर घाव बनने लगता है। अगर सही समय पर इसका इलाज न किया जाए तो ये घाव बढ़ता जाता है, जिस कारण परेशानी काफी बढ़ जाती है। यदि आपको भी कान पकने की समस्या तुरंत होती है, तो इस लेख को पढ़ें। यहां हम आपको कुछ ऐसे नुस्खे बताएंगे, जिसको आजमाने के बाद आपके पके हुए कान फटाफट ठीक हो जाएंगे।

### आइस क्यूब का इस्तेमाल करें

कान पकने की समस्या सामने आ रही है तो तत्काल प्रभाव से आइस क्यूब का इस्तेमाल करें। इसके इस्तेमाल के लिए एक साफ कपड़े में बर्फ लपेटकर 5-10 मिनट तक हल्के-हल्के



कान पर रखें। इससे सूजन और जलन में तुरंत राहत मिलेगी। कभी भी बर्फ को सीधे घाव पर न लगाएं, इससे आपको ही दिक्कत हो सकती है।

### नारियल का तेल आएगा आपके काम

हर भारतीय घर में नारियल का तेल होता ही है, जिसका इस्तेमाल आप कान पकने पर कर सकते हैं। इसका इस्तेमाल है भी काफी आसान। इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक साफ सूती कपड़े पर थोड़ा सा नारियल तेल लगाएं। अब इसे धीरे-धीरे घाव पर अप्लाई करें। ये एंटीबैक्टीरियल होता है, जिस कारण इसकी वजह से कान पकने का घाव कम हो जाएगा।

# शैंपू के तुरंत बाद बालों में तेल लगाने का असर जानिए यहां

आपने अक्सर बड़े-बुजुर्गों और घर की दादी-नानी को ये कहते सुना होगा कि बाल धोए हैं तो तुरंत ही तेल लगा लो क्योंकि बालों में तेल लगाने से बालों को पोषण मिलता है और इसकी सभी दिक्कतें खत्म होती हैं। लेकिन क्या ये आदत सच में फायदेमंद है? या फिर यह आपकी हेयर हेल्थ को धीरे-धीरे नुकसान पहुंचा रही है? आपको यह जरूर जानना चाहिए कि शैंपू करने के तुरंत बाद बालों में तेल लगाना कितना सही है ? इसके साथ ही आपको बालों में तेल लगाने का सही समय भी जानना चाहिए, ताकि आपके बालों को भी तेल का पूरा लाभ मिले।

### शैंपू के बाद तेल इसलिए लगाते हैं लोग

सबसे पहले ये जान लेते हैं कि आखिर शैंपू करने के तुरंत बाद लोग बालों में तेल लगाना क्यों पसंद करते हैं। दरअसल, बालों को शैंपू से धोने की वजह से इनकी नमी पूरी तरह से खत्म हो जाती है, जिस कारण बाल फ्रिजी दिखने लगते हैं। ऐसे में बालों में नमी बनी रहे, इसकी फ्रिजीनेस कम रहे और बाल सिल्की दिखें, इसके लिए लोग बालों में शैंपू लगाने के बाद तेल का इस्तेमाल करते हैं। इसके साथ-साथ बहुत से लोगों को तो लगता है कि शैंपू करने के तुंरत बाद यदि बालों में तेल लगाया जाए तो इससे बालों को पोषण मिलता है।



### ये तरीका है कितना सही ?

अब जान लेते हैं कि शैंपू करने के बाद बालों में तुरंत तेल लगाना कितना सही है। दरअसल, बालों के विशेषज्ञों की मानें तो शैंपू के तुरंत बाद गीले बालों तेल नहीं लगाना चाहिए। इससे बालों को पोषण मिले य न मिले, इस कारण से आपके बालों को काफी दिक्कतें हो सकती हैं। आइए इन दिक्कतों के बारे में जानते हैं।

### पहली दिक्कत

यदि आप गीले बालों में ही तुरंत तेल लगा लेते हैं तो ये तेल बाहर की धूल, प्रदूषण और गंदगी को तेजी से आकर्षित करता है, जिससे बाल जल्दी गंदे और चिपचिपे हो सकते हैं। ऐसे में जब बाल पूरी तरह से सूख जाए या हो सके तो अगले दिन ही शैंपू का इस्तेमाल करें।

## कार्नर न्यूज

## ओवर कंडीशनिंग नुकसान पहुंचाता है आपके बालों को

# आपके बालों की सेहत के लिए कंडीशनर लगाना गलत नहीं लेकिन सावधानी जरूरी

अगर आप सोच रहे हैं कि कुछ एक्स्ट्रा हेयर कंडीशनर लगाने से काम चल जाएगा, तो आप गलत हैं। ओवर-कंडीशनिंग आपके बालों पर बैकफायर कर सकती है और आपके बालों को चिपचिपे, कमजोर और बेजान बना सकती है। लेकिन, चिंता न करें! अपने बालों पर लगाए जाने वाले हेयर कंडीशनर की मात्रा को सीमित करना इसका कारगर तरीका हो सकता है। इसके अलावा, हेयर स्टाइलिंग प्रोडक्ट्स के उपयोग को कम करने से भी बालों को ठीक किया जा सकता है।



हेयर कंडीशनर का उपयोग मुख्य रूप से मॉइश्चराइजिंग, स्मूथिंग और बालों को उलझने से बचाने के लिए किया जाता है। यह पोषण प्रदान करता है, घुंघराले पन को कम करता है, और बालों की बनावट में सुधार करने के लिए बाल के रेशे पर कोटिंग कर लेता है।

हेयर कंडीशनर का नियमित उपयोग बालों को मजबूत बनाता है। कंडीशनर की परत से बालों को शाइन और टेक्स्चर दोनों मिलता है। यही दोनों बातें हेल्दी बालों की पहली निशानी भी समझी जाती हैं। इसके अलावा, कंडीशनर आपके बालों को नर्म और मैनेज करने में आसान बनाता है। हेयर कंडीशनर बालों में नमी की मात्रा को बढ़ा सकते हैं। ये अपने बालों को रेशमी और मुलायम बनाने का सबसे आसान तरीका है।

### कंडीशनर कैसे काम करते हैं?

कंडीशनर का उपयोग मुख्य रूप से बालों की सुरक्षा और इन्हें कुछ नमी प्रदान करने के लिए किया जाता है। ये बालों की शाफ्ट पर एक सुरक्षात्मक परत बनाता है और आपके बालों को पोषण प्रदान करके हाइड्रेट करने में मदद करता है। आमतौर पर, कंडीशनर पोषक तत्वों को बालों में लॉक करता है। ये प्रदूषकों को भी बालों से बाहर निकाल देते हैं। यह बाल के रेशों को मजबूत करने में मदद करता है, इस प्रकार ये बालों में दोमुंहेपन और बालों को टूटने से रोकता है। हर बार जब आप अपने बालों को शैम्पू करने के बाद कंडीशनर लगाते हैं, तो बालों पर एक सुरक्षात्मक परत बन जाती है। जैसे-जैसे यह परत बनती जाती है, आपके बालों में अवशोषित करने और अन्य उत्पादों पर प्रतिक्रिया करने की क्षमता कम होती जाती है। बदले में, ये बालों के रेशों को क्षति से बचाने में मदद करता है। इससे आपके बाल सुरक्षित रहते हैं और चमक भी बरकरार रहती है।

### ओवर-कंडीशनिंग क्या है?

जब आप अपने बालों को ओवर-कंडीशन करते हैं, तो बालों का हर रेशे या क्युटिकल में भारी कोटिंग होती है। ये आपके बालों को आवश्यक मात्रा से अधिक नमी प्रदान करता है। इसकी वजह से, अन्य हेयर केयर प्रोडक्ट जैसे कि, हेयर ऑयल और सीरम बालों के रेशे में प्रवेश नहीं कर पाते हैं। इससे इन्हें लगाने का कोई फायदा नहीं होता है क्योंकि ये ठीक ढंग से काम ही नहीं कर पाते है। इसके अलावा, बाल इतने ज्यादा नर्म होने लगते हैं कि, अपना वॉल्यूम खोना शुरू कर देते हैं। याद रखें कि जब भी आप हेयर कंडीशनर का उपयोग करते हैं, तो आप हर बार प्रोडक्ट की एक एक्स्ट्रा परत से बालों के रेशों की कोटिंग करते हैं।

